मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

मुंबई
वर्षः 8 अंक 89
गुरुवार, 09 अक्टूबर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

हर खबर निष्पक्षता के साथ

## नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा का पीमए मोदी ने किया उद्घाटन

**नवी मुंबई, 08 अक्टूबर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) और मुंबई मेट्रो लाइन-3 के चरण 2बी का उद्घाटन किया। यह एक ऐसा अवसर था जिसे भारत की वित्तीय राजधानी में परिवहन क्रांति का निर्णायक मोड़ कहा जा सकता है। करीब 19,650 करोड़ की लागत से निर्मित एनएमआईए देश की सबसे बड़ी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना है, जिसे सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल पर अडाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स और सीआईडीसीओ ने मिलकर विकसित किया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने आचार्य अत्रे चौक से कफ परेड तक फैली मेट्रो लाइन-3 (एक्वा लाइन) को राष्ट्र को समर्पित किया, जिसका निर्माण लगभग 12,200 करोड़ की लागत से हुआ है। कुल मिलाकर 37,000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ यह दिन मुंबई के शहरी ढांचे और भारत की आधारभूत संरचना की कहानी में एक ऐतिहासिक अध्याय बन गया है।

देखा जाये तो मुंबई, जिसे भारत की आर्थिक धड़कन कहा जाता है, आज अपने शहरी और औद्योगिक पुनर्जागरण के एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन केवल एक बुनियादी ढांचा परियोजना का शुभारंभ नहीं है, बल्कि यह भारत के वैश्विक आत्मविश्वास और तकनीकी प्रगति का प्रतीक है। यह एक ऐसे भारत का संकेत है जो अब विश्व के परिवहन मानचित्र पर सिर्फ उपभोक्ता नहीं, निमार्ता के रूप में उभर रहा है।



हम आपको बता दें कि एनएमआईए भारत का पहला पूर्णतः डिजिटल और एआई-सक्षम हवाई अड्डा है। यात्री अपने वाहन पार्किंग स्लॉट से लेकर बैगेज ट्रैकिंग, ऑनलाइन इमीग्रेशन और बैगेज ड्रॉप जैसी सेवाएं अपने मोबाइल पर पा सकेंगे। हम आपको बता दें कि विश्वप्रसिद्ध वास्तुकार जाहा हदीद की फर्म द्वारा तैयार डिजाइन भारतीय प्रतीक कमल से प्रेरित है– जो पवित्रता और पुनर्जागरण का प्रतीक है। इस संरचना की स्टील-ग्लास छत ऐसे लगती है जैसे कमल का फूल आकाश में तैर रहा हो। बारह पंखुड़ीनुमा स्तंभ और 17 मेगाकॉलम इसे केवल सुंदर ही नहीं, बल्कि भूकंप-रोधी और टिकाऊ भी बनाते हैं। यह स्थापत्य न केवल भारतीयता की छाप लिए हुए है, बल्कि टोक्यो, लंदन और न्यूयॉर्क जैसे महानगरों की आधुनिकता के मुकाबले में भी खड़ी है।

हम आपको यह भी बता दें कि एनएमआईए से विमानन, लॉजिस्टिक्स, आईटी, आतिथ्य और रियल एस्टेट जैसे क्षेत्रों में दो लाख से अधिक नौकरियों के सृजन का अनुमान है। प्रारंभिक चरण में यह एयरपोर्ट 20 मिलियन यात्रियों को संभाल सकेगा, जबकि पूरी क्षमता पर पहुंचने पर यह संख्या 155 मिलियन तक जाएगी। यह इसे एशिया के सबसे व्यस्ततम हवाई अड्डों में स्थान दिलाने के लिए पर्याप्त है।

## पाकिस्तान को अमेरिकी मिसाइल की आपूर्ति का अनुबंध केंद्र के लिए कूटनीतिक झटकाः कांग्रेस

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर।** कांग्रेस ने पाकिस्तान को अमेरिका से एआईएम-120, उन्नत, मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें (एएमआरएएएम) मिलने की संभावना को लेकर बुधवार को केंद्र सरकार पर कटाक्ष किया और इसे कूटनीतिक झटका करार दिया।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, सात मई, 2025 कोसैन्य अनुबंधों संबंधी अमेरिकी युद्ध विभाग की एक सार्वजनिक अधिसूचना के अनुसार, रेथियॉन द्वारा निर्मित उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें कनाडा, ताइवान, बुल्गारिया, हंगरी, पोलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य, दक्षिण कोरिया, कुवैत, जापान, फि नलैंड, जर्मनी, ब्रिटेन, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, तुर्की, स्पेन और लिथुआनिया को आपूर्ति की जानी थीं।



उनका कहना है कि 30 सितंबर, 2025 को सैन्य अनुबंधों पर अमेरिकी युद्ध विभाग की सार्वजनिक अधिसूचना में रेथियॉन हवा से हवा में मार करने में सक्षम मिसाइलों की आपूर्ति के लिए कतर, ओमान, सऊदी अरब, इजराइल, तुर्की और पाकिस्तान जैसे देशों के नाम शामिल हैं। कांग्रेस नेता ने मोदी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, कूटनीतिक माहौल कितनी जल्दी बदल जाता है और कूटनीतिक झटके इतनी जल्दी-जल्दी कैसे लगते हैं। पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून में मंगलवार को यह खबर प्रकाशित हुई थी कि अमेरिका के युद्ध मंत्रालय (डीओडब्ल्यू) की ओर से हाल ही में अधिसूचित एक हथियार अनुबंध में एआईएम-120 एएमआरएएएम के खरीदारों में पाकिस्तान का भी नाम शामिल है।

## बिहार में सीट बंटवारे का मुद्दा सुलझा लिया जाएगा : खरगे

**नई दिल्ली, 08 अक्टूबर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे के मुद्दे को सुलझा लिए जाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं की एक बैठक (सीईसी) आज दोपहर बाद होगी, जिसमें वह डिजिटल माध्यम से शामिल होंगे।



बिहार चुनाव के लिए सीट बंटवारे को लेकर महागठबंधन में गतिरोध से संबंधित एक सवाल के जवाब में खरगे ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम इसे सुलझाने जा रहे हैं। आज दोपहर 2.30 बजे एक बैठक है। मैं भी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हो रहा हूं। हम इसे सुलझा रहे हैं...।

यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, उन्होंने कहा, हम अभी यह नहीं बताएंगे कि हमने कितनी सीटें तय की हैं। आज की बैठक में हम उन सीटों पर चर्चा करेंगे जिन पर हमें समझौता करना होगा और जिन पर कोई मतभेद नहीं है। दोपहर 2.30 बजे के बाद पता चलेगा कि कितनी सीटों पर आज फैसला होगा और कितनी सीटों पर कल।

खरगे को पिछले हफ्ते अस्पताल से छुट्टी मिली थी और उसके बाद मीडिया के साथ उनकी पहली बातचीत थी। अस्पताल में उन्हें पेसमेकर लगाया गया था। निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया गया। राज्य विधानसभा चुनाव के लिए आगामी छह नवंबर और 11 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा तथा मतगणना 14 नवंबर को होगी।

## अमित शाह कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तरह व्यवहार कर रहे हैं; मोदी को सतर्क रहना चाहिए : ममता बनर्जी

**कोलकता, 08 अक्टूबर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उनके कामकाज का तरीका कार्यवाहक प्रधानमंत्री जैसा है।

बनर्जी ने बाढ़ और भूस्खलन प्रभावित उत्तर बंगाल के दौरे से लौटने के बाद कोलकाता हवाई अड्डे के बाहर संवाददाताओं से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह करना चाहती हैं कि वह शाह पर बहुत अधिक भरोसा न करें, जो एक दिन उनके मीर जाफर बन सकते हैं।

वह बंगाल के 18वीं सदी के सेनापति मीर जाफर का संदर्भ दे रही थी जिसने ऐतिहासिक प्लासी के युद्ध में नवाब सिराजुद्दौला को धोखा दिया था और अंग्रेजों के साथ मिल गया था। बाद में वह अंग्रेजों की मदद से बंगाल का शासक बना।



पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के शीर्ष नेताओं पर चुनाव वाले राज्यों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए चुनाव आयोग के कामकाज में हस्तक्षेपका आरोप लगाया। बनर्जी ने कहा, उनके (भाजपा के)एक नेता बैठक करते हैं और यहां आकर कहते हैं कि वह बंगाल की मतदाता सूची से कई लाख नाम हटा देंगे। मुझे बताइए, हम इस समय प्राकृतिक आपदाओं, भारी बारिश, त्योहारों आदि से जूझ रहे हैं। क्या मौजूदा परिस्थितियों में एसआईआर प्रक्रिया एक पखवाड़े के भीतर पूरी हो सकती है और क्या उस अवधि में नए नाम अपलोड किए जा सकते हैं? उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग को भाजपा पार्टी के इशारे पर काम करना चाहिए या उसे लोगों के लोकतांत्रिक और नागरिक अधिकारों के हित में काम करना चाहिए? तृणमूल अध्यक्ष ने आरोप लगाया, यह सब अमित शाह द्वारा खेला गया खेल है।

## बीड़ी जलाने के बाद पेट्रोल पर माचिस की तीली फेंकी, छह लोग झुलसे

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक शहर में बुधवार को एक व्यक्ति ने बीड़ी जलाने के बाद अनजाने में माचिस की तीली वहां फैले पेट्रोल पर फेंक दी, जिससे लगी आग में छह लोग झुलस गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुछ घायलों को जिला सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य का निजी चिकित्सा केंद्र में इलाज किया जा रहा है। उसने बताया कि यह दुर्घटना शहर के सतपुर इलाके में दोपहर के समय हुई ।पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, महादेववाड़ी स्थित मटन मार्केट के पास कुछ मजदूर एक पेड़ की कटाई कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मजदूर पेड़ काटने वाली मशीन चलाने के लिए एक कैन में पेट्रोल लेकर आए थे ।अधिकारी ने बताया कि एक अज्ञात कार ने कैन को टक्कर मार दी, जिससे पेट्रोल वहां फैल गया। उन्होंने बताया कि तभी पास में बैठे एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बीड़ी सुलगाई और बिना सोचे-समझे माचिस की तीली फेंक दी ।अधिकारी ने बताया कि जलती हुई माचिस की तीली से अचानक तेजी से आग फैली, जिससे छह लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाई।

## भारत गाजा में नरसंहार रोकने के लिए इजराइल पर दबाव डालेः मुख्यमंत्री एम के स्टालिन

**तमिलनाडु , 08 अक्टूबर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को कहा कि भारत को गाजा में नरसंहार रोकने के लिए इजराइल पर दबाव डालना चाहिए। स्टालिन ने कहा, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को इजराइल और उसका साथ दे रहे देशों पर दबाव बनाने का प्रयास करना चाहिए ताकि नरसंहार को रोका जा सके।

वह गाजा में नरसंहार की निंदा करने के लिए यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) द्वारा आयोजित एक सर्वदलीय विरोध सभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा,इजराइल द्वारा गाजा पर किए जा रहे अंधाधुंध हमले हम सभी के दिलों को झकझोर रहे हैं ।उन्होंने कहा कि माकपा का विरोध प्रदर्शन मानवीय मूल्य वाले लोगों को एकजुट करने का एक प्रयास है, ताकि सत्तारूढ़ ताकतों से उन हमलों को रोकने का आग्रह किया जा सके जो अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों और संयुक्त राष्ट्र के सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लंघन करते हैं ।तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने हाल के सप्ताहों में गाजा में हुई हत्याओं के खिलाफ सार्वजनिक रूप से अपना रुख व्यक्त किया है। उन्होंने आठ सितंबर को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि गाजा में जो कुछ हो रहा है, उससे वह इतने विचलित हैं कि वह शब्दों में बयां नहीं कर सकते ।उन्होंने कहा था कि जब निर्दोष लोगों की जान इस तरह कुचली जा रही हो, तो चुप रहना कोई विकल्प नहीं है। माकपा ने भारत सरकार से इजराइल के साथ सभी व्यापार समझौते रद्द करने की भी अपील की थी। माकपा सदस्यों ने एयरोस्पेस और रक्षा क्षेत्रों पर चल रहे एयरोडेफकॉन 2025 सम्मेलन में इजराइली कंपनियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगाने का भी आह्वान किया था।

**आर के मीडिया**

हिन्दी दैनिक न्यूज पेपर, साप्ताहिक न्यूज पेपर, हिन्दी मासिक पत्रिका का पेज बनबाने के लिए

सम्पर्क करे: 9199355950

## आंध्र प्रदेश में पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से छह लोगों की मौत, दो घायल

**आंध्र प्रदेश।** डॉ. बी.आर आंबेडकर कोनासीमा जिले में एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस को संदेह है कि यह दुर्घटना पटाखा निर्माण इकाई में किसी लापरवाही के कारण हुई होगी। डॉ. बी.आर आंबेडकर कोनासीमा जिले के पुलिस अधीक्षक राहुल मीणा ने बताया कि पटाखा निर्माण इकाई के पास लाइसेंस है। मीणा ने बताया, छह शव मिले हैं।






## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस-10 अक्टूबर, 2025

# मानसिक स्वास्थ्य है रोगमुक्त जीवन की मुस्कान



-ललित गर्ग

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष हमें यह सोचने का अवसर देता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा धन उसका मन है, और जब मन अस्वस्थ होता है तो समूचा जीवन बिखर जाता है। इस वर्ष की थीम है संकट और आपात स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित करना। यह थीम प्राकृतिक आपदाओं या अन्य आपात स्थितियों के दौरान लोगों के मानसिक स्वास्थ्य की जरूरतों को पूरा करने और आवश्यक सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जो मानसिक स्वास्थ्य समर्थन तक पहुंच की बाधाओं को दूर करने और संकटग्रस्त लोगों के लिए प्रभावी सहायता तंत्र स्थापित करने के महत्व को रेखांकित करती है। आज दुनिया ऐसी परिस्थितियों से गुजर रही है जहाँ महामारी, युद्ध, आर्थिक संकट, सामाजिक अस्थिरता, बेरोजगारी और जलवायु परिवर्तन जैसी घटनाएँ लगातार मनुष्य के मन पर चोट कर रही हैं। इन आपदाओं के बीच मानसिक स्वास्थ्य की समस्या एक मौन महामारी बन गई है। भारत में यह चुनौती और भी बड़ी है क्योंकि यहाँ मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता कम है और कलंक अधिक। मानसिक स्वास्थ्य दिवस सभी के लिए है-यह वर्ष के 365 दिन महत्वपूर्ण है, लेकिन 10 अक्टूबर दुनिया भर के सभी लोगों के लिए मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर शिक्षा और जागरूकता बढ़ाने हेतु एकजुट होने का एक अवसर है। यह सभी को अधिक समझ और सहानुभूति के माध्यम से अपने और दूसरों के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करता है।



आज का युग आभासी दुनिया का युग है। मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और डिजिटल साधनों ने हमारे जीवन को जितना आसान बनाया है, उतना ही जटिल भी। आभासी संबंधों ने संवाद के नए मार्ग खोले हैं, परंतु भावनाओं की सच्चाई को खोखला कर दिया है। हम हर समय आभासी दुनिया से जुड़े रहते हैं, लेकिन भीतर से अत्यंत अकेले हो गए हैं। दूसरों के सुख और सफलता के प्रदर्शन से तुलना और हीनता की भावना बढ़ती जा रही है। इस निरंतर प्रतिस्पर्धा और प्रदर्शन ने लोगों के मन में चिंता, अवसाद और असंतोष को गहरा कर दिया है। सोशल मीडिया का अति प्रयोग मनुष्य को कल्पना और भ्रम की दुनिया में धकेल रहा है, जहाँ असली जीवन की सादगी और आत्मीयता खोती जा रही है। युवा पीढ़ी सबसे अधिक मानसिक दबाव में है। प्रतिस्पर्धा, परीक्षा, करियर और परिवार की अपेक्षाएँ उन्हें उस स्तर तक पहुँचा रही हैं जहाँ असफलता आत्मघाती कदमों में बदलने लगी है। अनेक अध्ययन बताते हैं कि आत्महत्या करने वालों में सबसे बड़ी संख्या किशोरों और युवाओं की है। वे जीवन से नहीं, अपनी असफलता से भागना चाहते हैं, परंतु संवादहीनता, समझ की कमी और मानसिक परामर्श की अनुपलब्धता उन्हें अंधकार की ओर धकेल देती है। युवा जीवन में ऊर्जा और आशा के प्रतीक हैं, लेकिन जब उन पर अपेक्षाओं का बोझ हावी हो जाता है, तब वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले लेती है। परिवार और समाज को चाहिए कि वे उन्हें समझें, संवाद करें, उनके मन की सुनें, और उन्हें यह विश्वास दें कि असफलता अंत नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने का अवसर है।

महिलाओं की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। घर और बाहर की दोहरी जिम्मेदारियों, सामाजिक बंधनों और लैंगिक भेदभाव ने उनके मानसिक स्वास्थ्य को गहरे रूप से प्रभावित किया है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और सामाजिक असमानता की स्थितियाँ उन्हें भीतर से तोड़ देती हैं। फिर भी वे समाज की धुरी बनी रहती हैं। उन्हें मानसिक रूप से सशक्त बनाना, उनके लिए सुरक्षित वातावरण और परामर्श की सुविधाएँ उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जब महिलाएँ स्वस्थ और संतुलित मन से कार्य करेंगी, तभी समाज स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सकेगा। इसी तरह वृद्धों का जीवन भी मानसिक स्वास्थ्य के मामले में अधिक जटिल होता जा रहा है। आत्महत्या की बढ़ती घटनाएँ एक चेतावनी हैं कि हम किसी बड़ी भूल के शिकार हैं। यह केवल व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज का दर्पण है। जब कोई व्यक्ति यह मानने लगता है कि अब उसके जीवन का कोई अर्थ नहीं बचा, तब उसकी आत्मा में आशा का दीप बुझ जाता है। उसे बचाने के लिए आवश्यक है कि हम उसके पास जाएँ, उसकी बात सुनें, उसे यह एहसास दिलाएँ कि वह अकेला नहीं है। समाज, परिवार, शिक्षण संस्थान और सरकार सभी को मिलकर ऐसा वातावरण बनाना होगा जहाँ निराश व्यक्ति के लिए तुरंत सहायता उपलब्ध हो। मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ गाँव-गाँव तक पहुँचें, स्कूलों और कार्यस्थलों में परामर्श केंद्र स्थापित हों, यह समय की पुकार है।

नशा मानसिक अस्वास्थ्य का सबसे बड़ा सहचर बन चुका है। शराब, तंबाकू, मादक पदार्थ, यहाँ तक कि दवाओं के दुरुपयोग ने मनुष्य की चेतना को कुंद कर दिया है। नशा अस्थायी आनंद देता है, परंतु दीर्घकालिक विनाश का कारण बनता है। यह व्यक्ति की आत्मनियंत्रण शक्ति को नष्ट कर देता है, निर्णय क्षमता को कमजोर करता है और अवसाद तथा आत्महत्या की प्रवृत्ति को बढ़ाता है। नशे की लत से ग्रस्त व्यक्ति समाज से कट जाता है और उसकी आत्मा में एक गहरा शून्य भर जाता है। इस समस्या का समाधान केवल दंड से नहीं, बल्कि संवेदनशील पुनर्वास और मानसिक परामर्श से संभव है। समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति शिक्षित करना और युवाओं को इसके जाल से बचाना हर घर की जिम्मेदारी होनी चाहिए। मानसिक अस्वस्थता से जूझ रहे व्यक्ति को सबसे पहले आवश्यकता होती है आशा की। निराशा की अंधेरी सुरंग में यदि कोई हाथ थाम ले, यदि कोई मुस्कान दे दे, यदि कोई कह दे कि सब ठीक हो जाएगा, तो वही वाक्य जीवनदान बन सकता है। आत्महत्या की रोकथाम का आरंभ संवेदनशील संवाद से होता है। हमें अपने बच्चों, मित्रों, सहकर्मियों और परिवारजनों से यह रिश्ता बनाना होगा कि वे अपने मन की बात कह सकें, बिना किसी भय या लज्जा के। आज का हर व्यक्ति तनावग्रस्त है। तनाव उनको होता है, जो निरंतर मन, वाणी और शरीर की प्रवृत्ति में लगे रहते हैं, विश्राम नहीं करते। यानी कि आज की भाषा में जो ह्यबिजीह्ल रहते हैं। बिजी रहने की इस आदत ने जीवन में बहुत टेंशन पैदा किए हैं। जीवन में बिजी के साथ ईजी होना जरूरी है क्योंकि एक पहिए से रथ नहीं चलता। उसके लिए दोनों पहिए चाहिए। ज्ञान और ध्यान, काम और आराम- ये जीवन रूपी रथ के दो पहिए हैं। एक पहिए को निकाल देंगे तो रथ नहीं चलेगा। आज यही तो समस्या है और यही मानसिक अस्वास्थ्य की जड़ है। जीवन को एकांगी बनाया जा रहा है। इससे बहुत भारी समस्याएं पैदा हो रही हैं। मन की चंचलता का तो ज्यादा से ज्यादा इंतजाम किया जा रहा है, पर उसे स्थिर बनाने का कोई उपाय नहीं किया जा रहा है। समस्या स्थिरता में नहीं, चंचलता में होती है। बाहर का खोल जितना भी मजबूत हो, भीतर को साधे बिना चंचलता कम नहीं होती। ये भीतर की गांठें देर-सबेर उलझा ही देती हैं। आज आवश्यकता है कि हम मानसिक स्वास्थ्य को विलासिता नहीं, बल्कि आवश्यकता समझें। शरीर की बीमारी के लिए जैसे हम डॉक्टर के पास जाते हैं, वैसे ही मन की पीड़ा के लिए भी विशेषज्ञ सहायता लेना सामान्य बने। मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को विद्यालयों में जोड़ा जाए, परामर्श केंद्रों को सशक्त किया जाए, और हर नागरिक को यह संदेश दिया जाए कि सहायता लेना कमजोरी नहीं, बल्कि साहस का प्रतीक है।

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि चेतना का पर्व है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज का आधार है। हमें निराशा से आशा की ओर, अकेलेपन से अपनत्व की ओर और अस्वस्थता से संतुलन की ओर बढ़ना है। मनुष्य की सबसे बड़ी ताकत उसका मन है, और जब मन शांत, स्थिर और प्रसन्न होगा, तभी जीवन भी सुंदर होगा। इसलिए आइए, हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि हम अपने और दूसरों के मन की सेहत का ध्यान रखेंगे, संवाद करेंगे, सहयोग करेंगे और हर उस व्यक्ति के लिए आशा का दीप जलाएँगे जो अंधेरे में भटक रहा है। यही इस दिवस का सच्चा संदेश और जीवन का शाश्वत सार है।

# बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद उठ रहे हैं अनेक प्रश्न



अशोक भाटिया

बिहार में ठीक एक महीने बाद दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए मतदान होगा। मतलब साफ है कि अब सोचने का समय नहीं है। परिणाम चाहे जो भी आए मुख्य रूप से 7 फैक्टर्स की भूमिका कहीं न कहीं से रहेगी ही। 19 साल से ज्यादा समय से राज्य के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की अग्निपरीक्षा तो है ही। लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव के साथ राहुल गांधी को उनके मुद्दों पर जनता का कितना साथ मिलता है यह भी पता चल जाएगा।

बिहार चुनाव के पुराने समीकरण खंगाले जाय तो बिहार में जिस पार्टी को जातिगत समीकरण मिलता है, वह जीतती है, जैसा कि एनडीए में भाजपा और नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) ने पिछले दो दशकों में जीत हासिल की है। इस बार भी इस समीकरण पर भाजपा की पकड़ ढीली नहीं हुई है, इसलिए इस चुनाव ने भी उम्मीद के मुताबिक रफ्तार पकड़नी शुरू कर दी है, लेकिन अभी तक किसी ने यह अनुमान नहीं लगाया है कि इस बार एनडीए को अस्थिर करने वाले दो फैक्टर फायदा उठाएंगे या हिट होंगे।

बिहार में एक समय में तीन, पांच, सात चरणों में चुनाव होते थे, लेकिन इस बार सिर्फ दो चरणों में मतदान होगा। हैरानी की बात है कि भारत के चुनाव आयोग ने एक भी चरण में मतदान कराने की हिम्मत नहीं की है, जब देश में कहीं भी चुनाव नहीं होता है और सारी सुरक्षा एजेंसियां उपलब्ध हैं। अगर 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की नीति लागू करनी है तो बिहार जैसे बड़े राज्य में एक ही चरण में चुनाव कराने की क्षमता आयोग के पास होनी चाहिए। मतदान 6 और 11 नवंबर को होगा, यानी छठ पूजा पूरी होने के बाद नौवें दिन पहला चरण और छठ पूजा संपन्न होने के 14वें दिन दूसरा चरण होगा। हाल के दिनों में वोट चोरी के आरोपों के साथ, बिहार में मतदान की तारीखें एक बार फिर आयोग को आरोपियों के पिंजरे में डाल सकती हैं। बिहार में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 11 घंटे तक मतदान होगा। किसी ने भी मतदान की अवधि पर आपत्ति नहीं जताई होगी। हालांकि, विपक्ष को संदेह है कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के दौरान शाम पांच बजे के बाद मतदान प्रतिशत अप्रत्याशित रूप से बढ़ गया है, जिसके बाद मतदान का समय बदल दिया गया है। बिहार में एक पोलिंग बूथ पर 1200 मतदाता हैं। अगर हर मतदाता को एक मिनट भी लगता है, तो भी हर किसी को वोट डालने में 20 घंटे लगेंगे। मान लीजिए कि मतदान 100 प्रतिशत नहीं है, अगर शाम 5 बजे के बाद लंबी कतारें लगती हैं, तो महाराष्ट्र में विवाद दोहराया जाएगा।

गौरतलब है कि 74 वर्षीय मुख्यमंत्री की तबीयत अब पहले जैसी नहीं रही है, और यही विपक्षी महागठबंधन का मुख्य हथियार बन गया है। विपक्ष का आरोप है कि अब नीतीश प्रशासन पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं, और राज्य एक सात-आठ सदस्यीय राजनीतिज्ञों और अफसरों का समूह चला रहा है। तेजस्वी यादव, जो नेता प्रतिपक्ष हैं, अक्सर नीतीश कुमार के समारोहों के वीडियो साझा करते हैं ताकि यह दिखा सकें कि सीएम अब उतने सक्रिय नहीं हैं। रविवार को पटना के एक कार्यक्रम में नीतीश कुमार के बार-बार हाथ जोड़ने का का वीडियो इसका ताजा उदाहरण है।

हालांकि जेडीयू ने लगातार इन आरोपों का खंडन किया है। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने सोमवार को कहा, वह (नीतीश) सभी फैसले खुद ले रहे हैं। उनकी सेहत सिर्फ विपक्ष का मुद्दा है। सहयोगी भाजपा भी बार-बार यह कह रही है कि चुनाव नीतीश के नेतृत्व में ही लड़े जा रहे हैं। लेकिन भाजपा यह बताने से बच रही है कि चुनाव के बाद क्या होगा। जाहिर है कि नीतीश के प्रति बिहार में अब भी जो सम्मान है उसके चलते भाजपा इस मुद्दे पर फूंक फूक कर कदम रख रही है। दरअसल डर यह है कि अगर नीतीश कुमार स्वस्थ नहीं हैं, यह बात आम लोगों तक पहुंच गया तो एनडीए के लिए स्थितियां माकूल नहीं रह सकेंगी।

एनडीए ने विरोधी लहर को रोकने के लिए नीतीश कुमार पिछले कुछ महीनों से लगातार आम जनता की भलाई के लिए कोई न कोई फैसले ले रहे हैं। उन्होंने मतदाताओं के लिए कई योजनाओं की झड़ी लगा दी है। अब तक 1।21 करोड़ महिलाओं को 10,000 रुपये जा चुके हैं ताकि वे कोई छोटा व्यवसाय शुरू कर सकें। यह वितरण मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जारी रहेगा क्योंकि आचार संहिता चल रही योजनाओं पर लागू नहीं होती।राज्य सरकार 1।89 करोड़ परिवारों को 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा पहले ही कर चुकी है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 रुपये से बढ़ाकर 1,100 रुपये प्रति माह किया गया है। जीविका, आंगनवाड़ी और आशा कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाया गया है। साथ ही 18 से 25 वर्ष के बेरोजगार युवाओं को दो वर्षों तक प्रति माह 1,000 रुपये भत्ता देने की घोषणा की गई है।

उधर बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष सघन जांच अभियान को राहुल गांधी ने मुद्दा बना दिया। उनका साथ देने के लिए पूरा इंडिया गुट आधे अधूरे मन से लग गया। बिहार में 17 अगस्त से लेकर एक सितंबर तक की राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने मिलकर यात्रा भी निकाली। दोनों नेताओं को देखने और सुनने के लिए भारी भीड़ भी जुटी पर जिस तरह तेजस्वी ने दुबारा यात्रा निकाली है और वोट चोरी के मुद्दे पर अब उनका उतना फोकस नहीं है, उससे तो यही लगता है कि महागठबंधन यह समझ चुका है कि यह मुद्दा फुस्स हो चुका है।मोदी सरकार पर वोट चोरी का आरोप कितना काम किया इसका नतीजा 14 नवंबर को बिहार चुनाव परिणामों के साथ ही आ जाएंगे। दूसरी तरफ एनडीए ने एसआईआर के विरोध को घुसपैठियों को प्रोत्साहन देने वाला बताया है। चुनाव परिणाम ये साबित करेगा आम लोगों को अपनी बात समझाने में कौन अधिक सफल रहा।

एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात बार-बार कहता तो है। पर चुनाव परिणाम आने के बाद उनके सीएम बनाने की बात पर भाजपा और जेडीयू दोनों ही ओर से एक तरह की चुप्पी ही है। दरअसल नीतीश की बिगड़ती सेहत को देखते हुए एनडीए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ही अपनी मुख्य चेहरा बनाया हुआ है। जबकि हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में मोदी ने स्थानीय नेतृत्व के भरोसे ही चुनाव अभियान को छोड़ रखा था। पर बिहार में ऐसा नहीं है।दरअसल महाराष्ट्र और हरियाणा की तरह पूरे प्रदेश में प्रभाव दिखाने वाला भाजपा का कोई स्थानीय नेता बिहार में नहीं है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और राज्य अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के पास राज्यव्यापी जनअपील में वह प्रभाव नहीं है जो एनडीए को चाहिए। इसी तरह जनता दल यू में भी नीतीश कुमार ने कभी भी किसी को अपने डिप्टी के रूप में उभरने ही नहीं दिया।नीतीश कुमार जिस तरह बीमार दिख रहे हैं उसके चलते मोदी की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाती है । क्योंकि जेडीयू के किसी भी नेता में राज्यव्यापी अपील नहीं है। जाहिर है कि सारा दारोमदर नरेंद्र मोदी पर ही है। पहली बार विधानसभा चुनाव लड़ रहे चुनाव रणनीतिकार से राजनेता बने प्रशांत किशोर ने बिहार की राजनीति में हलचल मचा रखी है।जन सुराज पार्टी (खरढ) के बारे में कहा जा रहा है कि एनडीए के लिए यह पार्टी बहुत घातक साबित होने वाली है। पिछले कुछ दिनों में भाजपा के शीर्ष नेताओं पर उनके आरोपों ने सत्तारूढ़ दल को रक्षात्मक मुद्रा में ला दिया है। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी के बारे में तो उन्होंने ऐसे आरोप लगाएं हैं कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को मुंह छुपाना पड़ रहा है। इतना ही नहीं बिहार की जातिगत राजनीति से ऊबे बहुत से लोगों के लिए किशोर का यह संदेश कि उनकी सरकार प्रवास, बेरोजगारी और सुशासन जैसे मुद्दों पर ध्यान देगी। जाहिर है कि बहुत से लोगों के लिए वो उम्मीद की किरण बन रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि नीतीश कुमार ने अंतिम मौकों पर फ्रीबीज की घोषणाएं की हैं उसके पीछे कहीं न कहीं प्रशांत किशोर ही हैं। जाहिर है कि अगर महागठबंधन को कई सीटों पर माइलेज मिलती है तो उसमें कहीं न कहीं प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जनसुराज का भी हाथ होगा।

सवाल यह भी है कि एनडीए के लिए लालू प्रसाद यादव के जंगलराज का नैरेटिव बिहार विधानसभा चुनावों में क्या इस बार भी काम करेगा? दरअसल फ्खऊकी छवि को अपराध, भ्रष्टाचार और अराजकता से जोड़कर मतदाताओं में भय पैदा कराना ही एनडीए के लिए एक बार फिर फायदेमंद साबित हो सकता है। 1990-2005 के लालू-राबड़ी काल को जंगलराज बताकर ठउ्रू ने 2005, 2010, 2020 चुनावों में सफलता हासिल की, जहां अपहरण, हत्या और लूट की घटनाओं का जिक्र कर जनता को नीतीश कुमार के सुशासन से जोड़ा जाता रहा है।

पिछले कुछ समय से बिहार में अपराध बढ़ने से NDA पर सवाल उठे हैं। इसके साथ ही इस बार ऐसे युवाओं की मात्रा इस बार वोट देने वालों की अधिक है जिन्होंने जंगलराज के बारे में केवल सुना है। जाहिर है कि उनके लिए बेरोजगारी सबसे बड़ा मुद्दा है। हो सकता है कि उनके लिए जंगलराज का नैरेटिव कमजोर हो जाए।

# समय के साथ बदल रहा है डाक विभाग



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 9 अक्तूबर विश्व डाक दिवस पर विशेष

पूरी दुनिया में 9 अक्तूबर को विश्व डाक दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1874 में इसी दिन यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का गठन करने के लिए स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न में 22 देशों ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया था। 1969 में जापान के टाकियो शहर में आयोजित सम्मेलन में विश्व डाक दिवस के रूप में इसी दिन को चयन किये जाने की घोषणा की गयी थी। एक जुलाई 1876 को भारत यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन का सदस्य बनने वाला भारत पहला एशियाई देश था। जनसंख्या और अंतरराष्ट्रीय मेल ट्रैफिक के आधार पर भारत शुरू से ही प्रथम श्रेणी का सदस्य रहा है।

भारत में डाकघर का इतिहास ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के समय से शुरू होता है जब रॉबर्ट क्लाइव ने 1766 में पहली डाक व्यवस्था स्थापित की। वॉरेन हेस्टिंग्स ने 1774 में कोलकाता में पहला डाकघर खोला और 1854 में लॉर्ड डलहौजी ने भारत में एक राष्ट्रीय डाक सेवा की शुरूआत की। आज भारतीय डाक दुनिया के सबसे बड़े डाक नेटवर्क में से एक है जो बैंकिंग, बीमा और अन्य सेवाओं के साथ आम आदमी का भरोसेमंद साथी है। 1 अक्टूबर 1854 में भारतीय डाक विभाग की स्थापना के साथ ही भारत में पहली बार डाक टिकट भी जारी किया गया था।

विश्व डाक दिवस का मकसद देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में डाक क्षेत्र के योगदान के बारे में जागरुकता पैदा करना है। दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष 150 से ज्यादा देशों में विविध तरीकों से विश्व डाक दिवस आयोजित किया जाता है। भारतीय डाक प्रणाली का जो उन्नत और परिष्कृत स्वरूप आज हमारे सामने है। वह लंबे सफर की देन है। अंग्रेजों ने डेढ़ सौ साल पहले अलग-अलग हिस्सों में अपने तरीके से चल रही डाक व्यवस्था को एक सूत्र में पिरोने की पहल की थी। उन्होने भारतीय डाक को एक नया रूप और रंग दिया। पर अंग्रेजों की डाक प्रणाली उनके सामरिक और व्यापारिक हितों पर ही केंद्रित थी।

हमारे देश में पहले डाक विभाग का इतना अधिक महत्व था कि फिल्मों तक में डाकिये पर कई मशहूर गाने फिल्माये गये हैं। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल चुका है। इंटरनेट के बढ़ते प्रभाव ने डाक विभाग के महत्व को बहुत कम कर दिया है। आज लोगों ने हाथों से चिट्ठियां लिखना छोड़ दिया है। अब ई-मेल, वाट्सएप व सोशल मीडिया, इंटरनेट के माध्यमों से मिनटो में लोगो में संदेशों का आदान प्रदान हो जाता है।

आज डाक में लोगों की चिट्ठियां तो गिनती की ही आती है। मनीआर्डर भी बन्द से ही हो गये हैं। मगर डाक से अन्य सरकारी विभागों से सम्बन्धित कागजात, बैंको व अन्य संस्थानो के प्रपत्र काफी संख्या में आने से डाक विभाग का महत्व फिर से एक बार बढ़ गया है। डाक विभाग कई दशकों तक देश के अंदर ही नहीं बल्कि एक देश से दूसरे देश तक सूचना पहुंचाने का सर्वाधिक विश्वसनीय, सुगम और सस्ता साधन रहा है। लेकिन इस क्षेत्र में निजी कम्पनियों के बढ़ते दबदबे और फिर सूचना तकनीक के नये माध्यमों के प्रसार के कारण डाक विभाग की भूमिका लगातार कम होती गयी है। वैसे इसकी प्रासंगिकता पूरी दुनिया में आज भी बरकरार है।

भारत में डाक विभाग के महत्व को मशहूर शायर निदा फाजली के शेर सीधा-साधा डाकिया जादू करे महान, एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान से समझा जा सकता है। शायर निदा फाजली ने जब यह शेर लिखा था उस वक्त देश में संदेश पहुंचाने का डाक विभाग ही एकमात्र साधन था। डाकिये के थैले में से निकलने वाली चिट्ठी पढ़कर कोई खुश होता था तो कोई दुखी।

कुछ वर्ष पूर्व तक डाक विभाग हमारे जनजीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता था। गांव में जब डाकिया आता था तो बच्चे-बूढ़े सभी उसके साथ डाक घर की तरफ इस उत्सुकता से चल पड़ते थे कि उनके भी किसी परिजन की चिट्ठी आयेगी। डाकिया जब नाम लेकर एक-एक चिट्ठी बांटना शुरू करता तो सभी लोग अपनी या अपने पड़ौसी की चिट्ठी ले लेते व उसके घर जाकर उस चिट्ठी को बड़े चाव से देते थे। उस वक्त शिक्षा का प्रसार ना होने से अक्सर महिलायें अनपढ़ होती थी। इसलिये चिट्ठी लाने वालो से ही चिट्ठियां पढ़वाती भी थी और लिखवाती भी थी। कई बार चिट्ठी पढने-लिखने वाले बच्चों को ईनाम स्वरूप कुछ पैसा या खाने को गुड़, पताशे भी मिल जाया करते थे। इसी लालच में बच्चे ज्यादा से ज्यादा घरों में चिट्ठियां पहुंचाने का प्रयास करते थे।

उस वक्त गांवो में बैक शाखा भी नहीं होती थी। इस कारण बाहर कमाने गये लोग अपने घर पैसा भी डाक में मनीआर्डर के द्वारा ही भेजते थे। मनीआर्डर देने डाकिया स्वयं प्राप्तकर्ता के घर जाता था व भुगतान के वक्त एक गवाह के भी हस्ताक्षर करवाता था। डाक विभाग अति आवश्यक संदेश को तार के माध्यम से भेजता था। तार की दर अधिक होने से उसमें संक्षिप्त व जरूरी बाते ही लिखी जाती थी। तार भी साधारण जरूरी होते थे। जरूरी तार की दर सामान्य से दुगुनी होती थी। देश में पहली बार 11 फरवरी 1855 को शुरू हुई तार सेवा को सरकार ने 15 जुलाई 2013 से बन्द कर दिया है। इसके साथ ही डाक विभाग ने रजिस्टर्ड डाक सेवा को भी एक अक्तूबर 2025 से स्पीड पोस्ट में विलय कर दिया है।

भारतीय डाक विभाग पिनकोड नम्बर (पोस्टल इंडेक्स नम्बर) के आधार पर देश में डाक वितरण का कार्य करता है। पिनकोड नम्बर का प्रारम्भ 15 अगस्त 1972 को किया गया था। इसके अन्तर्गत डाक विभाग द्वारा देश को नो भौगोलिक क्षेत्रो में बांटा गया है। संख्या 1 से 8 तक भौगोलिक क्षेत्र हैं व संख्या 9 सेना की डाक सेवा को आवंटित किया गया है। पिन कोड की पहली संख्या क्षेत्र दूसरी संख्या उपक्षेत्र, तीसरी संख्या जिले को दशार्ती है। अन्तिम तीन संख्या उस जिले के विशिष्ट डाकघर को दशार्ती है।

डाक विभाग के अंतर्गत केंद्र सरकार ने इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (आईपीपीबी) शुरू किया है। देश के हर व्यक्ति के पास बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाने के क्रम में यह एक बड़ा विकल्प होगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने देश भर में बैंकिंग सेवाएं शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस के माध्यम से देश का सबसे बड़ा बैंकिंग नेटवर्क अस्तित्व में आएगा। जिसकी हर गांव तक मौजूदगी होगी। इन सेवाओं के लिए पोस्ट विभाग के 11000 कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं देंगे।

बदलते हुए तकनीकी दौर में दुनिया भर की डाक व्यवस्थाओं ने मौजूदा सेवाओं में सुधार करते हुए खुद को नयी तकनीकी सेवाओं के साथ जोड़ा है। डाक, पार्सल, पत्रों को गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एक्सप्रेस सेवाएं शुरू की हैं। डाक घरों द्वारा मुहैया करायी जानेवाली वित्तीय सेवाओं को भी आधुनिक तकनीक से जोड़ा गया है। दुनियाभर में इस समय 55 से भी ज्यादा विभिन्न प्रकार की पोस्टल ई-सेवाएं उपलब्ध हैं। भविष्य में पोस्टल ई-सेवाओं की संख्या और अधिक बढ़ायी जायेगी। डाक विभाग से 82 फीसदी वैश्विक आबादी को होम डिलीवरी का फायदा मिलता है।

भारत की आजादी के बाद हमारी डाक प्रणाली को आम आदमी की जरूरतों को केंद्र में रख कर विकसित करने का नया दौर शुरू हुआ था। नियोजित विकास प्रक्रिया ने ही भारतीय डाक को दुनिया की सबसे बड़ी और बेहतरीन डाक प्रणाली बनाया है। राष्ट्र निर्माण में भी डाक विभाग ने ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। जिससे इसकी उपयोगिता लगातार बनी हुई है। आज भी आम आदमी डाकघरों और डाकिये पर भरोसा करता है। तमाम उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में आम जनता का इतना जन विश्वास कोई और संस्था नहीं अर्जित कर सकी है। यह स्थिति कुछ सालों में नहीं बनी है। इसके पीछे डाक विभाग के कार्मिको का बरसों का श्रम और लगातार प्रदान की जा रही सेवा छिपी है।

# बिहार में शंकराचार्य का चुनावी शंखनाद गौ रक्षा बनेगी सियासत का नया एजेंडा



-अजय कुमार

बिहार की राजनीति में इस बार जातीय समीकरणों और विकास के वादों से अलग एक नया मुद्दा तेजी से उभरकर सामने आया है। ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने शिवहर से अपनी चुनावी मुहिम की शुरूआत करते हुए स्पष्ट ऐलान किया है कि वे राज्य की सभी 243 विधानसभा सीटों पर गौ भक्त प्रत्याशी मैदान में उतारेंगे। उनका कहना है कि सनातन धर्म की रक्षा तभी संभव है जब गौ माता की रक्षा हो और यही इस चुनाव की असली कसौटी होगी। उनके इस एलान के बाद बिहार की चुनावी राजनीति में हलचल मच गई है और हर दल इस नए समीकरण को लेकर गणित बैठाने में जुट गया है। शंकराचार्य ने शिवहर प्रवास के दौरान संवाददाताओं से कहा कि जो गौ माता की रक्षा की बात करेगा वही उनका साथी है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि वह व्यक्ति किस धर्म या समुदाय से है। अगर असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता भी गौ माता को माँ मानते हैं और उनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं तो वे भी उनके सहयोगी हो सकते हैं। इस बयान ने पूरे राज्य में नई बहस छेड़ दी है क्योंकि यह पहली बार है जब किसी बड़े धार्मिक नेता ने सीधे तौर पर राजनीति में उतरकर एक ऐसा एजेंडा सामने रखा है जो पूरी तरह धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक भावनाओं पर आधारित है। शिवहर नगर परिषद ने हाल ही में गौ माता को नगर माता का दर्जा देने का प्रस्ताव पारित किया था। इस निर्णय ने शंकराचार्य की मुहिम को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने इस पहल को सराहते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि देश के हर नगर और हर पंचायत इस तरह का निर्णय लें। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे स्वयं को गौ मतदाता घोषित करें और केवल उन्हीं उम्मीदवारों को वोट दें जो गौ रक्षा पर स्पष्ट और दृढ़ रुख रखते हों। उनकी यह अपील अब गांव-गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है। बिहार के ग्रामीण इलाकों में धार्मिक भावनाएँ हमेशा से गहरी जड़ें रखती हैं। खेती-किसानी करने वाला समाज गाय को केवल धार्मिक प्रतीक ही नहीं बल्कि अपनी आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन-रेखा मानता है। ऐसे में शंकराचार्य की यह मुहिम सीधे किसानों और ग्रामीण मतदाताओं के दिल तक पहुँच रही है। सीतामढ़ी के परौर गांव के किसान रघुनाथ ठाकुर कहते हैं कि पहले वोट देते समय जाति सबसे बड़ा आधार हुआ करती थी लेकिन अब शंकराचार्य जी ने हमें याद दिलाया है कि गाय हमारी असली पहचान है। विश्लेषकों का कहना है कि अगर यह मुहिम जमीनी स्तर पर असर दिखाती है तो कई सीटों पर नतीजे बदल सकते हैं। बिहार में विधानसभा चुनावों में पहले भी दो से तीन हजार वोटों का फर्क निर्णायक रहा है। 2020 के चुनाव में करीब 40 से अधिक सीटें बेहद मामूली अंतर से तय हुई थीं। ऐसे में अगर शंकराचार्य की मुहिम से 2 से 4 प्रतिशत वोट भी इधर-उधर होता है तो भाजपा समेत सभी दलों के लिए यह चुनौती बन सकता है।

भाजपा के लिए यह स्थिति सबसे कठिन कही जा रही है। पार्टी वर्षों से हिंदुत्व और आस्था को लेकर राजनीति करती रही है। लेकिन शंकराचार्य ने सीधे तौर पर सवाल उठाया कि भाजपा ने अपने घोषणापत्र में अब तक गौ रक्षा को प्रमुख मुद्दा क्यों नहीं बनाया। उन्होंने कहा कि यदि भाजपा अब भी यह घोषणा कर दे कि वह गाय की रक्षा सुनिश्चित करेगी तो वे उनका समर्थन करेंगे, वरना जनता को यह मान लेना चाहिए कि भाजपा ने वादा निभाने में चूक की है। शंकराचार्य ने चेतावनी दी कि अगर भाजपा को नुकसान होगा तो वह उनकी करनी से होगा, न कि शंकराचार्य की तरफ से। राजद और जदयू के लिए भी यह स्थिति आसान नहीं है। दोनों दल जातिगत समीकरणों के आधार पर चुनाव जीतने की कोशिश करते हैं, लेकिन धार्मिक भावनाओं के केंद्र में आने से उनका वोट बैंक भी प्रभावित हो सकता है। कांग्रेस और वामदलों ने इस मुहिम को चुनावी राजनीति में धर्म को घसीटने की कोशिश बताया है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में उनकी बातों का उतना असर नहीं दिख रहा।

गौ मतदाता संकल्प यात्रा इस समय उत्तर बिहार के दर्जनों गांवों में पहुँच चुकी है। यात्रा में शामिल लोग ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ प्रवेश करते हैं और फिर शंकराचार्य या उनके प्रतिनिधि प्रवचन देते हैं। प्रवचन का केंद्र बिंदु यही रहता है कि गौ माता हमारी संस्कृति की आत्मा हैं और उन्हें राष्ट्र माता का दर्जा दिलाना हर भारतीय का कर्तव्य है। स्थानीय स्तर पर इस यात्रा का माहौल धार्मिक मेले जैसा हो रहा है और बड़ी संख्या में महिलाएं, किसान और युवा इसमें हिस्सा ले रहे हैं। लेकिन शंकराचार्य की इस मुहिम के सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती संगठनात्मक है। 243 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करना केवल घोषणा करना भर नहीं है, इसके लिए स्थानीय स्तर पर मजबूत नेटवर्क और संसाधनों की जरूरत होगी। यह भी सवाल है कि क्या उनके उम्मीदवार जनता तक अपना संदेश पहुँचा पाएंगे और क्या लोग केवल गौ रक्षा के आधार पर अपना वोट तय करेंगे। बिहार के मतदाता आस्था और धर्म से प्रभावित जरूर होते हैं, लेकिन बेरोजगारी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों को भी नजरअंदाज नहीं करते। फिर भी यह तथ्य साफ है कि शंकराचार्य ने चुनावी विमर्श को नई दिशा दी है। अब तक बिहार की राजनीति जातीय गठजोड़ और विकास बनाम सामाजिक न्याय के मुद्दों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लेकिन अब गौ रक्षा और धार्मिक-सांस्कृतिक पहचान भी चर्चा के केंद्र में आ गई है। राजनीतिक दलों की चुप्पी बताती है कि वे इस नई लहर का इंतजार कर रहे हैं और देखना चाहते हैं कि जनता इस पर कैसे प्रतिक्रिया देती है।शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, चंपारण जैसे जिलों में जहां धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराएं गहरी हैं, वहां शंकराचार्य की अपील का असर सबसे पहले दिख सकता है। इन जिलों में पहले भी देखा गया है कि आस्था से जुड़े मुद्दों पर वोटिंग पैटर्न बदल जाता है। अगर यही स्थिति इस बार भी बनी तो चुनावी नतीजे अप्रत्याशित हो सकते हैं। फिलहाल इतना तय है कि शंकराचार्य का यह शंखनाद केवल एक धार्मिक आंदोलन नहीं बल्कि एक राजनीतिक प्रयोग भी है। यह प्रयोग सफल होगा या सीमित रह जाएगा, यह तो चुनावी नतीजे ही बताएंगे। लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं कि इसने मुख्यधारा की पार्टियों को सोचने पर मजबूर कर दिया है और बिहार की चुनावी राजनीति को नई दिशा दी है। आने वाले महीनों में यह सवाल गूंजता रहेगा कि इस बार बिहार में गाय और गौ माता का मुद्दा कितनी दूर तक जाएगा और क्या यह राज्य की सत्ता का रास्ता बदल देगा।

## श्रवणबाधित और बौद्धिक रूप से विशेष विद्यार्थियों ने बनाई आकर्षक दीये और तोरण



**घाटकोपर(उत्तरशक्ति)**। दीवाली का पर्व नजदीक आने के साथ ही घरों की सजावट और खरीदारी का माहौल चारों ओर दिखाई दे रहा है। इसी उत्सव के अवसर पर श्रवणबाधित और बौद्धिक रूप से विशेष विद्यार्थियों ने अपने हाथों से सुंदर दीये और तोरण बनाकर त्योहार की रौनक को और भी बढ़ा दिया है। भाग्यश्री वर्तक के शुभ्रा प्रकल्प के अंतर्गत शुभ सजावट प्रोजेक्ट नामक इस अभिनव पहल का आयोजन किया गया। इस परियोजना में रोचीराम टी. थडानी हाई स्कूल फॉर हियरिंग हैंडीकैप्ड के श्रवणबाधित छात्र तथा गुरुकुल सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रन के बौद्धिक रूप से अक्षम विद्यार्थियों ने सहभाग लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यूनिफाइड सिद्धांत से प्रेरित इस प्रकल्प में विशेष विद्यार्थियों ने मिलकर अपने कला कौशल का सुंदर संगम प्रस्तुत किया। कुल 20 विद्यार्थियों ने मिलकर लगभग 400 से अधिक आकर्षक दीये और तोरण तैयार किए, जिनमें उनकी रचनात्मकता और मेहनत साफ झलकती है। जैसे खेलों में प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांग विद्यार्थी एक-दूसरे को सहयोग करते हैं, उसी भावना को हमने ह्वशुभ सजावट प्रोजेक्ट में अनुभव किया,ह्व ऐसा कहना है शुभ्रा प्रकल्प की अध्यक्षा भाग्यश्री वर्तक का। इन हस्तनिर्मित कलाकृतियों में विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, रंगों की समझ और सौंदर्य दृष्टि झलकती है। भाग्यश्री वर्तक तथा गुरुकुल की मुख्याध्यापिका उज्वला सुरंगे ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे इन सुंदर वस्तुओं को उत्साहपूर्वक खरीदें और विद्यार्थियों को प्रोत्साहन दें।

## शान पटेल २२ साल की उम्र में बने भारत के सबसे युवा फंड मैनेजर

**मुंबई**। शान पटेल ने सिर्फ २२ साल की उम्र में भारत के सबसे युवा फंड मैनेजर बनकर इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने शान पटेल एसेट मैनेजमेंट एलएलपी नामक एक सेबी-पंजीकृत एसेट मैनेजमेंट कंपनी लॉन्च की है, जिसके तहत उन्होंने श्रेणी ||| ऑल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट फंड की शुरूआत की है, जिसने पहले ही ३१ करोड़ रुपये की राशि जुटा ली है।

फंड मैनेजमेंट में पटेल का प्रवेश भारत के वित्तीय उद्योग में एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत देता है। फाइनेंस, डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शैक्षणिक योग्यताओं के साथ, वह नए जमाने के ऐसे निवेशक का उदाहरण पेश करते हैं जो मजबूत वित्तीय बुनियाद को उन्नत तकनीकी जानकारी के साथ जोड़ते हैं। शान पटेल एसेट मैनेजमेंट के तहत मुख्य फ्लेक्सी-कैप फंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे उच्च-विकास वाले क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करता है। इसके मूल में पटेल की खास रणनीति 'इंटेलिजेंट चर्निंग' है, जो पोर्टफोलियो को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने के लिए डिजाइन किया गया एक क्वांट-संचालित मॉडल है। पारंपरिक 'खरीदो और रखो' रणनीतियों के विपरीत, यह दृष्टिकोण अस्थायी ओवरवैल्यूएशन की पहचान करता है, लाभ बुक करता है, और जब मूल्यांकन सामान्य हो जाते हैं तो शेयरों में फिर से प्रवेश करता है। इस गतिशील मॉडल का उद्देश्य जोखिम के जोखिम को कम करते हुए रिटर्न को अधिकतम करना है। निवेशकों को और सुरक्षित रखने के लिए, फंड कड़े जोखिम प्रबंधन नियमों को लागू करता है, जिसमें किसी भी एक स्टॉक में अधिकतम १०% एक्सपोजर की सीमा शामिल है, जो पोर्टफोलियो के विविधीकरण और स्थिरता को सुनिश्चित करता है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, श्री शान पटेल, संस्थापक और सीआईओ ने कहा, हमारा लक्ष्य पारंपरिक निवेश के अनुशासन को डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शक्ति के साथ जोड़ना है। इंटेलिजेंट चर्निंग के साथ, हमारा लक्ष्य बाजार चक्रों से आगे रहते हुए लगातार, जोखिम-समायोजित रिटर्न प्रदान करना है। भारत के सबसे युवा फंड मैनेजर के रूप में शान पटेल की उपलब्धि देश में धन प्रबंधन को बदलने के लिए एक दूरदर्शी, प्रौद्योगिकी-संचालित दृष्टिकोण की क्षमता को रेखांकित करती है।

## दिवाली पर डिजिटल धोखाधड़ी का खतरा: क्विक हील

**मुंबई**। विश्व की अग्रणी साइबर सुरक्षा कंपनी क्विक हील टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने चेतावनी जारी की है कि दिवाली के त्योहारी मौसम में साइबर धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। भारत की सबसे बड़ी मैलवेयर विश्लेषण प्रयोगशाला, सेकराइट लैब्स के शोधकताओं के अनुसार, अपराधी अब आर्टिफि शियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित टूल्स का उपयोग कर अत्यंत व्यक्तिगत और चालाक हमले कर रहे हैं, जो उपभोक्ताओं और व्यवसायों दोनों को निशाना बना रहे हैं। दिवाली के दौरान ई-कॉमर्स बिक्री और डिजिटल लेनदेन में बढ़ोतरी ने परफेक्ट स्टॉर्म तैयार कर दिया है, जिससे साइबर अपराधियों के लिए धोखाधड़ी फैलाना आसान हो गया है। त्योहारों के मौसम में नकली संदेश, फर्जी वेबसाइट्स, क्यूआर/यूपीआई ट्रैप, इवेंट स्कैम और एआई-आधारित सोशल इंजीनियरिंग हमलों में वृद्धि देखी गई है। क्विक हील की प्रोडक्ट स्ट्रैटेजी हेड, स्नेहा काटकर के अनुसार, जनरेटिव एआई के कारण धोखेबाज अब बेहद सटीक और आकर्षक संदेश तैयार कर सकते हैं, जो अक्सर लाइटनिंग डील्स जैसी ऑफर लाइन में छिपे डिजिटल ट्रोजन बम के रूप में सामने आते हैं। अपराधी त्योहारी खरीदारी के FOMO का फायदा उठाते हुए झूठी चेतावनियाँ और काउंटडाउन संदेश भेजते हैं। सेकराइट लैब्स ने डिजिटल अरेस्ट जैसे स्कैम्स की बढ़ती घटनाओं की भी पहचान की है, जहां अपराधी सरकारी अधिकारियों का बहाना बनाकर संवेदनशील जानकारी और पैसे की मांग करते हैं।

## रियल नेक्टर रेंज नई और बेहतर पैकेजिंग के साथ लॉन्च

**मुंबई**। भारत की अग्रणी पैकेज्ड फ्रूट जूस कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपनी प्रमुख 'रियल नेक्टर' रेंज के लिए नई, बेहतर पैकेजिंग लॉन्च करने की घोषणा की है। इसके साथ ही, ब्रांड ने अपने लोकप्रिय ब्रांड एंबेसडर, अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा को लेकर एक नया मार्केटिंग अभियान भी शुरू किया है, ताकि उपभोक्ता इस नए लुक से जुड़ सकें।अपडेट की गई पैकेजिंग एक आधुनिक और आकर्षक डिजाइन पेश करती है, जो नेक्टर रेंज में फलों की प्राकृतिक अच्छाई और भरपूर सामग्री को उजागर करती है। यह कदम ब्रांड की व्यापक उपभोक्ता आधार से जुड़ने और बाजार में अपनी प्रीमियम स्थिति को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। डाबर इंडिया लिमिटेड की जीएम मार्केटिंग-फूड्स, सुश्री मोनिशा पराशर ने कहा, यह रियल नेक्टर के लिए एक रोमांचक समय है क्योंकि हम अपने पूरे प्रोडक्ट लाइन को एक नए, समकालीन लुक के साथ फिर से जीवंत कर रहे हैं।

## इंडियन कापीराइट प्रोटेक्शन एवं सहकर्म समाजिक कल्याण फाउंडेशन द्वारा डा. नूर खान को राज्यस्तरीय महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार से किया गया सम्मानित

**आचार्य सूरजपाल यादव**

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)**। भिवंडी के प्रसिद्ध चिकित्सा सेवा प्रदान करने वाले डा. नूर खान को कल्याण स्थित अग्रवाल कालेज में इंडियन कापीराइट प्रोटेक्शन व सहकर्म सामाजिक कल्याण फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय महाराष्ट्र गौरव पुरस्कार- 2025 कार्यक्रम में कला गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया । बतादें कि डाक्टर नूर खान सेक्स काउंस्लर के रूप में एक प्रसिद्ध डाक्टर होने के साथ सर्वांगीण व्यक्तित्व के धनी होने के साथ मोटिवेशनल वक्ता, उत्कृष्ट नाट्य अभिनेता और गायक हैं। वे सामाजिक क्षेत्र में कई गैर सरकारी संगठनों के पदाधिकारी रहकर सामाजिक



गतिविधियों में बढचढ कर हिस्सा लेकर अपनी एक अलग पहचान बनाई है वहीं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने वाली मजबूत संगठन जायंट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। उनके साथ इस समारोह में अलग अलग क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभाने वाले 138 समाजसेवियों को आकर्षक ट्राफी और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। डाक्टर नूर खान को मिले गौरव सम्मान पुरस्कार से भिवंडी वासियों में खुशी का माहौल देखा गया वहीं उनके शुभचिंतकों द्वारा जगह-जगह सम्मान व बधाईयां मिल रही है ।उक्त कार्यक्रम में भारतीय सेना के सूबेदार कैप्टन महेंद्र गवई , अतिरिक्त आयुक्त जीएसटी पुणे सालुंखे , हिंदू रक्षक संदीप शर्मा , शकुंतला तायडे, उद्योगपति सुमित्रा पाटिल, अभिनेत्री साक्षी नाईक, विजय वाघेला, काजल सुर्वे, समाजसेविका मेहरुजिम खान आदि मुख्य अतिथि उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रम के आयोजन में शीतल पाटिल, माणिक पाटिल, तुकाराम पाटिल, रवि वासवानी, राजकुमारी गुप्ता, शारदा पाटिल, उमीर्ला कदम, सुरेश कदम, दीपाली पाटिल, केतन सालगांवकर, गोरखनाथ कदम, पिंकी सौदा, सोनाली सोनावणे, स्नेहा थोराट, स्नेहल ओवाल, महेश गुप्ता, रेशमा कदम, मुकेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, केतन म्हात्रे, सुशीला हांडे, चैताली पाटिल, अनिरुद्ध जैसवार आदि के अथक प्रयास से कार्यक्रम को सफल बनाया ।

## मुंबई कांग्रेस के उपाध्यक्ष नियुक्त हुए डॉ. किशोर सिंह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की संस्तुति पर मुंबई कांग्रेस के महासचिव रहे तथा महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह को मुंबई कांग्रेस का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पार्टी के महासचिव सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची के अनुसार उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। डॉ किशोर सिंह ने कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन पूरे मनोयोग और समर्पित भावना के साथ करेंगे। उन्होंने इसके लिए मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षाताई गायकवाड का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। समझा जाता है कि महानगरपालिका चुनाव को देखते हुए कांग्रेस ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। लोकसभा चुनाव में वे उत्तर पश्चिम जिला कांग्रेस के प्रभारी की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा चुके हैं। महानगर की अनेक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थाओं तथा राजनीति से जुड़े अनेक लोगों ने डॉ किशोर सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## केतन शाह ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस के अध्यक्ष बने

**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। मनपा चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। जिसके कारण विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से संगठन को हरसंभव मजबूत बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में कांग्रेस हाई कमान के निर्देश पर मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा ताई गायकवाड़ की ओर से मुंबई कांग्रेस के विभिन्न पदों पर नियुक्तियों की गई । इसी तरह लंबे समय से कांग्रेस के विभिन्न पदों पर आसीन रहे मुंबई कांग्रेस गुजराती सेल के अध्यक्ष केतन शाह को ईशान्य मुंबई जिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। केतन शाह की इस पद पर नियुक्ति मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष व सांसद वर्षा ताई गायकवाड़ द्वारा की गई है। जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शाह ने मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष सांसद वर्षा ताई गायकवाड़ का आभार जताया है। पत्रकारों से



बातचीत करते हुए केतन शाह ने कहा कि वे संगठन को मजबूत बनाने के लिए जीतोड़ मेहनत करेंगे। केतन शाह को ईशान्य मुंबई का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दीपक जोशी, डॉक्टर सत्तार खान ब्लॉक अध्यक्ष रामजी शुक्ला, विदेश पाल सिद्धू, दयानंद जगताप, कमलेश कपासी, हीरालाल हरिया, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष तात्या वाघमारे, मुकीम शेख, योगेश कांचलिया , हितेश सावला सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने बधाई दी है।

## चित्रांगदा सिंह ने फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई में किया दि चारियट्स ऑफ टाइम दिवाली डेकोर का शुभारंभ

**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई, जो अपनी शानदार त्योहारी सजावट के लिए जानी जाती है, ने इस साल दिवाली को और खास बना दिया है। दि चारियट्स ऑफ टाइम नामक इस अद्भुत इंस्टॉलेशन के शुभारंभ के साथ, फीनिक्स मार्केटसिटी ने भारत की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया है। इन भव्य रथों की सजावट दर्शकों को समय और दैवीय कथाओं की अद्भुत दुनिया में ले जाती है। रंग, रोशनी से सजी यह सजावट सिर्फ एक दृश्य आनंद ही नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव भी प्रदान करती है।

दि चारियट्स ऑफ टाइम फीनिक्स की प्रमुख पहल इंडिया सेलिब्रेट्स एट फीनिक्स का हिस्सा



है, जो समुदायों, परिवारों और मित्रों को एक साथ लाकर परंपरा और खुशियों के इस पर्व का उत्सव मनाती है। 7 अक्टूबर को आयोजित इस भव्य लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की उपस्थिति ने ग्लैमर और त्योहार की चमक को और बढ़ा दिया। इस मौके पर लाइव सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, आकर्षक दिवाली सजावट और मिलनसार माहौल ने दीवाली की सच्ची भावना खुशी, एकता और नवजीवन को बखूबी दशार्या।

चित्रांगदा सिंह ने कहा, दिवाली एक बहुत ही सुंदर त्योहार है यह परिवारों और समुदायों को प्रकाश, खुशी और परंपराओं की भावना में जोड़ता है। फीनिक्स मार्केटसिटी, मुंबई में दि चारियट्स ऑफ टाइम डेकोर का अनावरण करना मेरे लिए एक बेहद आनंददायक अनुभव था। यह इंस्टॉलेशन वाकई शानदार है रंग, रोशनी और सृजनात्मकता का अद्भुत संगम। यह एकता और उत्सव का प्रतीक है और हर किसी को इस त्योहार की खुशी में शामिल होने का निमंत्रण देता है।

द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के डायरेक्टर ऑफ मार्केटिंग (नॉर्थ एंड वेस्ट) मयंक लालपुरिया ने कहा, फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई में दिवाली हमारे वार्षिक कैलेंडर का सबसे खास समय होता है। ह्वदि चारियट्स ऑफ टाइम हमारी सबसे महत्वाकांक्षी और प्रिय परियोजनाओं में से एक है।

## भावना शर्मा जैन को मिली उत्तर पश्चिम मुंबई जिला कांग्रेस की कमान

**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर राहुल गांधी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन के तहत पार्टी महासचिव सांसद केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी पद सूची के अनुसार कांग्रेस की निष्ठावान भावना शर्मा जैन को उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। समझा जाता है कि महानगरपालिका चुनाव को देखते हुए एक मजबूत युवा महिला चेहरा के रूप में उन्हें जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। पूर्व सांसद गुरदास कामत की अत्यंत करीबी रही श्रीमती जैन को उनकी ही लोकसभा सीट का जिलाध्यक्ष बनाए



जाने से एक बात साफ हो गई है कि कांग्रेस ने बहुत सोच समझ कर उन्हें यह जिम्मेदारी दी है। भावना शर्मा जैन ने कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विपक्ष के नेता राहुल गांधी मुंबई के प्रभारी चेनी थल्ला तथा मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष सांसद वषार्ताई गायकवाड का आभार मानती हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरी ताकत,निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस के संगठन को और मजबूत करने का प्रयास करेंगी और स्वर्गीय कामत की विरासत को आगे बढ़ते हुए उत्तर पश्चिम जिला को कांग्रेस के अभेद्य किला के रूप में तब्दील करेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन पर जो भरोसा और विश्वास किया है, उस पर वे पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करेंगी।

## फोनपे पेमेंट गेटवे ने 'डिवाइस टोकेनाइजेशन' सॉल्यूशन लॉन्च किया

**मुंबई (उत्तरशक्ति)**। डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में एक बड़ा कदम उठाते हुए, फोनपे पेमेंट गेटवे ने आज पेमेंट इंडस्ट्री की ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी मास्टरकार्ड के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, 'डिवाइस टोकेनाइजेशन' सॉल्यूशन लॉन्च किया गया है। ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में इस पहल घोषणा की गई है।



यह पहल मास्टरकार्ड की नेटवर्क-टोकनाइजेशन क्षमता को फोनपे पीजी के मर्चेंट प्लेटफॉर्म पर लाती है, जिससे ऑनलाइन व्यवसायों के लिए सुरक्षित पेमेंट विकल्पों का विस्तार होता है।यह फीचर लाखों ग्राहकों के लिए चेकआउट और पेमेंट एक्सपीरियंस को बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नई सुविधा को अपनाने वाले पहले भागीदार के रूप में इक्सिगो जुड़ा है। भारत के प्रमुख एआई-संचालित ट्रैवल प्लेटफॉर्म इक्सिगो, जो फोनपे पर फ्लाइट, बस और ट्रेन बुकिंग को बढ़ावा देता है, ने अपने ऐप्स पर करोड़ों यूजर्स के लिए तेज और अधिक सुरक्षित कार्ड पेमेंट की सुविधा देने के लिए फोनपे पेमेंट गेटवे को इंटीग्रेट किया है। यह 'डिवाइस टोकेनाइजेशन', ग्राहकों को हर बार कार्ड डिटेल्स डाले बिना, एक टैप में सुरक्षित और तेज पेमेंट की सुविधा प्रदान करेगा, जिससे ऑनलाइन शॉपिंग का अनुभव और भी शानदार हो जाएगा।

फोनपे के पेमेंट गेटवे और ऑनलाइन मर्चेंट्स के प्रमुख, अंकित गौर ने कहा, फोनपे पेमेंट गेटवे में, हम डिजिटल पेमेंट्स को सरल, तेज और अधिक सुरक्षित बनाने के लिए लगातार इनोवेशन कर रहे हैं। मास्टरकार्ड के साथ हमारी यह साझेदारी भारत की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में पेमेंट इनोवेशन को बढ़ावा देने, ग्राहकों का विश्वास बढ़ाने और मर्चेंट्स को सशक्त बनाने की हमारी साझा प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है। डिवाइस टोकनाइजेशन के साथ, इक्सिगो जैसे मर्चेंट्स लाखों यूजर्स को विश्वसनीय, वन-टैप चेकआउट अनुभव प्रदान कर सकते हैं, जिससे आरबीआई के नियमों का पूरी तरह से पालन करते हुए हाई कन्वर्जन और बेहतर ग्राहक संतुष्टि प्राप्त करने में मदद मिलती है। इस लॉन्च के साथ, ग्राहक अब अपने कार्ड को फोनपे ऐप पर एक बार सेव कर सकते हैं और इसमें शामिल सभी ऑनलाइन मर्चेंट्स के साथ सुरक्षित रूप से इसका उपयोग कर सकते हैं। यह नया एक बार सेव करें, हर जगह उपयोग करें फीचर, ग्राहकों को बार-बार कार्ड डिटेल्स डालने की झंझट से पूरी तरह मुक्त करता है। अब ग्राहकों को हर नई वेबसाइट या ऐप पर ट्रांजेक्शन करते समय अपने कार्ड डिटेल्स बार-बार भरने की जरूरत नहीं होगी। यह ग्राहकों आसान और कनेक्टेड कॉमर्स एक्सपीरियंस देता है, जो ग्राहकों के लिए ऑनलाइन शॉपिंग को और भी तेज और सुविधाजनक बना देता है। यह नया समाधान मास्टरकार्ड के सिक्योर टोकेनाइज्ड ट्रांजेक्शन की ग्लोबल एक्सपर्टीज को फोनपे के विशाल नेटवर्क और मर्चेंट बेस के साथ जोड़ता है।

यह 'वन-टैप चेकआउट' का ऐसा एक्सपीरियंस देता है, जिसका लाभ ग्राहकों और बिजनेस, दोनों को मिलता है। मर्चेंट्स के लिए, इस सुविधा का मतलब है कि अब कस्टमर पेमेंट प्रक्रिया को बीच में कम छोड़ेंगे, जिससे न सिर्फ कन्वर्जन, बल्कि ग्राहकों के एक्सपीरियंस में भी सुधार होगा। जिससे अंततः ग्राहकों की संतुष्टि और बिजनेस को भी बढ़ावा मिलेगा। यह सॉल्यूशन कार्ड पेमेंट को एक इंटर-ऑपेरेटेबल, सुरक्षित और परेशानी-मुक्त एक्सपीरियंस में बदल देता है। इसने सेव किए गए कार्ड के आईडिया को सिंगल-मर्चेंट फीचर से नेटवर्क-व्यापी क्षमता में बदल दिया है, जो एक ऐसा यूनिफाइड कॉमर्स एक्सपीरियंस देता है जहाँ सुरक्षा और सुविधा साथ-साथ चलते हैं।

## मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को एडजाम ऐप मुफ्त

### विद्यार्थियों की पढ़ाई होगी सुविधाजनक : महेश गायकवाड़

**कल्याण (उत्तरशक्ति)**। शिवसेना और मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन की ओर से एडजाम यह डिजिटल शिक्षण ऐप कल्याण (पूर्व) के विद्यार्थियों को मुफ्त में प्रदान किया गया है। बाजार में इस ऐप की कीमत लगभग दस से बारह हजार रुपये है, लेकिन शिवसेना के पूर्व नगरसेवक महेश गायकवाड़ के पहल से यह ऐप विद्यार्थियों को निःशुल्क उपलब्ध कराया गया। इस अवसर पर बोलते हुए महेश गायकवाड़ ने कहा कि इस ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों की पढ़ाई अधिक सुविधाजनक होने वाली है। कोचिंग क्लासेस में विद्यार्थियों से भारी फीस वसूली जाती है, परंतु इस ऐप की मदद से विद्यार्थियों को अब क्लासेस में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। पहली से लेकर दसवीं कक्षा तक का पूरा पाठ्यक्रम इस ऐप में उपलब्ध है।लगभग ढाई से तीन हजार विद्यार्थियों को यह ऐप मुफ्त में इंस्टॉल कर



दिया गया। सोमवार को आई तिसाई मैरेज हॉल में संपन्न हुए इस समारोह में प्रमुख मार्गदर्शक बिपिन पोटे, अविनाश गायकवाड़, चंद्रसेन सोनावले, प्रशांत बोटे, सुमेध हुमणे, तथा शिवसेना के पदाधिकारी, विद्यार्थी और अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## शरदपूर्णिमा के अवसर पर श्रीरामकृष्ण गौशाला प्रांगण में बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया महोत्सव

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)**। भिवंडी के कामतघर क्षेत्र में ताडाली-अंजूरफाटा रोड़ पर स्थित श्रीरामकृष्ण गौशाला प्रांगण गायत्री प्रजापीठ में गायत्री परिवार ट्रस्ट भिवंडी द्वारा आयोजित शरद पूर्णिमा महोत्सव पर्व का भव्य आयोजन किया गया जिसमें आस पास क्षेत्र के हजारों लोगों ने बढ़चढ़ कर परिवार सहित हिस्सा लिया। इस अवसर पर 24 मुख्य यजमानों ने शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा कि सामूहिक महा आरती किया। चंद्रमा कि रोशनी में गाय के दुध से आयुर्वेदिक खीर बना कर सभी भक्तों को वितरित किया गया। इस अवसर पर भजन संध्या में सुप्रसिद्ध गायक भवानी सिंह के द्वारा ?एक शाम गौमाता के नाम? भजन



प्रस्तुत कर सभी भक्तों को भजन भाव में भावविभोर कर दिया। इस वर्ष भी शरद पूर्णिमा उत्सव पूरे उत्साह के साथ दीप महायज्ञ पूजन एवं सामूहिक शरद पूर्णिमा महाआरती किया गया। योगाचार्य संदीप परिवाजक ने बताया कि शरद पूर्णिमा की अमृतवर्षा दशहरे से शरद पूर्णिमा तक चंद्रमा की चांदनी में विशेष हितकारी किरणे होती हैं जिसमें विशेष रस होते है इन दिनों में चंद्रमा की चांदनी का लाभ लेने से साल भर मानसिक और शारीरिक रूप से स्वास्थ्य अच्छा रहता है प्रसन्नता बनी रहती है शरद पूर्णिमा पर बनाई जाने वालीं खीर मात्र एक व्यंजन नही होती है, ग्रन्थों के अनुसार यह एक दिव्य औषधि होती हैं इस खीर को गाय के दुध और गंगाजल के साथ ही अन्य पुर्ण सात्विक चीजों के साथ बनाना चाहिए इस अवसर पर ट्रस्टी दयाशंकर गुप्ता, हरीश वारिया, व्यवस्थापक पी डी यादव, गौशाला प्रबन्धक राजकुमार शर्मा, दिनेश राजपुरोहित, सतीश वारिया, कार्यक्रम का सूत्र संचालन जिला समन्वयक उपेंद्र जोशी ने किया।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

**पत्राचार कार्यालय:**

उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)

मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37

मो.- 9554493941

email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागुराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।

**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.**- 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

# महिला ने पड़ोसी युवक को घर बुलाकर उसके प्राइवेट पार्ट पर चाकू से किया प्रहार

## युवक गंभीर रूप से घायल, आरोपी महिला गिरफ्तार

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सरपतहा थाना क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार ग्राम ढकहा में एक महिला ने पड़ोसी युवक को घर बुलाकर उसके प्राइवेट पार्ट पर चाकू से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में सनसनी फैल गई। परिवारजन घायल युवक को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक देखते हुए उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया।

मामला आशिकी का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अशफाक पुत्र अजीम सऊदी अरब से कमाकर कुछ ही दिन पहले घर आया था। सोमवार की आधी रात महिला से मिलने उसके घर अशफाक पहुंचा था। महिला के घर वालों को इसकी जानकारी हो गई और युवक की पिटाई कर दी गई। दोबारा मंगलवार की रात अशफाक महिला से मिलने पहुंचा तो उसने प्राइवेट पार्ट पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू का वार लगने से जख्मी अशफाक को आनन-फानन में अस्पताल भर्ती कराया गया जहां हालत नाजुक देख उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया।

आरोपी महिला बुशरा को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना की पुष्टि करते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि सरपतहा थाना अंतर्गत ग्राम ढकहा में एक महिला द्वारा गांव के ही युवक पर चाकू से गंभीर प्रहार किया गया है।

# मां लक्ष्मी पूजनोत्सव को लेकर एसपी—एसडीएम से मिला श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति का प्रतिनिधिमण्डल

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। आगामी मां लक्ष्मी पूजनोत्सव को लेकर श्री लक्ष्मी पूजा महासमिति (ट्रस्ट) का एक प्रतिनिधिमण्डल कृष्ण कुमार जायसवाल के नेतृत्व में अधिकारीद्वय से मिले प्रतिनिधिमण्डल ने आगामी 18 अक्टूबर से आयोजित 5 दिवसीय



बुधवार को पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ एवं जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में मौजूद उपजिलाधिकारी सुनील भारती से मिलकर ज्ञापन सौंपा। अध्यक्ष धार्मिक अनुष्ठान के बाबत अवगत कराया। साथ ही पूर्व में मिलने वाली सरकारी सुविधाओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराते हुये सहयोग की अपील किया। इस पर अधिकारीद्वय ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वस्त किया कि आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ आप लोग कार्यक्रम करें। पूर्व की भांति सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। प्रतिनिधिमण्डल में संरक्षक रामजी जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष चन्द्रशेखर निषाद बबलू, अध्यक्ष कृष्ण कुमार जायसवाल, महासचिव संतोष यादव, अजय पाण्डेय, शिवा वर्मा, राहुल सिंह, वैभव वर्मा, राजा अग्रहरि, मुकेश सोनी, श्रेयश जायसवाल, राकेश वर्मा, सत्यम प्रजापति, रोहन जायसवाल सहित तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार पिकअप ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 5 लोग घायल, एक जिला अस्पताल हुआ रेफर

केराकत,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत शहाबुद्दीनपुर पचवर डगरा मोड़ के पास दुर्गा माता मंदिर के सामने सोमवार की सुबह सवारी भर कर ले जा रहे ई-रिक्शा को तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। टक्कर में ई-रिक्शा सवार पांच लोग घायल हो गए। टक्कर की आवाज सुन आस-पास के लोगो की भारी भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ से किसी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंच घायलों के उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केराकत भेजा। जहां चिकित्सकों ने घायलों में पसेवा गांव निवासी जिउत चौहान की स्थिति गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। और चार घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वही पुलिस चालक समेत पिकअप को हिरासत में लेकर जांच पड़ताल में जुट गई।





# लायंस क्लब जौनपुर रॉयल ने मेले में लगाया प्राथमिक चिकित्सा शिविर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। लायंस क्लब जौनपुर रॉयल द्वारा नगर में पंडित जी के ऐतिहासिक भरत मिलाप के मेले में सुतहट्टी चौराहा स्थित



बैंकर्स प्लाजा पर लायंस सेवा सप्ताह के अन्तर्गत एक निः शुल्क प्राथमिक चिकित्सा का कैम्प लगाया गया सायं काल नौ बजे से रात्रि दो बजे तक लगाएं गए। इस शिविर के माध्यम से कुल 48 लोगों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें लाभान्वित करते हुए। डा.डी.सी.मौर्या ने अपनी सेवाएं प्रदान की अध्यक्ष संजीव साहू ने कहा मेला में ऐसे चिकित्सा शिविर लोगों को राहत पहुंचाते है। सभी के प्रति आभार कार्यक्रम संयोजक निवर्तमान अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मनीष गुप्ता, संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता, रेनू बैंकर, सिद्धार्थ साहू, राजेश किशोर, कोषाध्यक्ष राजकुमार कश्यप, सचिव बाल कृष्ण साहू, अमित गुप्ता, रवि शर्मा, योगेश साहू, ज्ञानेंद्र साहू, अभिषेक जायसवाल, संजय जायसवाल इत्यादि उपस्थित रहे।

# डॉ.सोनेलाल पटेल के श्रद्धांजलि समारोह की तिथि घोषित

## 17 अक्टूबर को मड़ियाहूं के रामलीला मैदान में आयोजित होगा अद पार्टी के संस्थापक का श्रद्धांजलि समारोह

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। अपना दल एस पार्टी के संस्थापक डॉ.सोनेलाल पटेल की पुण्यतिथि पर 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले श्रद्धांजलि समारोह को लेकर मड़ियाहूं के रामलीला मैदान में बुधवार को एक विशेष बैठक हुई। पार्टी के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल की 16वीं पुण्यतिथि के मौके पर एक विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम के आयोजन की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री भारत सरकार और पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल उपस्थित होंगी।

पूर्व राज्यमंत्री राम लखन पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी अपने विरोधियों को संदेश देने का कार्य करेगी जो पार्टी का दुष्प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह पार्टी का बहुत बड़ा आयोजन है। इसके लिए सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी गई है। राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली ने बताया कि श्रद्धांजलि समारोह को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं में विशेष उत्साह है। कार्यक्रम को सफल और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी ताकत लगा दी गई है।

पार्टी के जिलाध्यक्ष लाल



बहादुर पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम में पूरे प्रदेश के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचेंगे और पार्टी का लक्ष्य है 20 से 25 हजार लोगों को जुटाने का, जो सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंप दी गई है। विधायक डॉक्टर आरके पटेल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए 3000 मोटरसाइकिल, 2000 चार पहिया और 500 बस की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, प्रदेश से दूर-दूर से आए हुए कार्यकताओं और पदाधिकारियों के लिए रहने और जलपान की व्यवस्था भी की गई है। संचालन जिला अध्यक्ष युवा मंच योगेंद्र पटेल ने किया। मौके पर सुनीता वर्मा, राजनाथ पटेल, ललई सरोज, राकेश पटेल, उदय पटेल, चंद्रशेखर पटेल, राम उजागिर मौर्य, डॉक्टर मनीष यादव, संतोष पटेल, राकेश मिश्रा, मनोज पटेल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# विजय दशमी मेले पर नगर पंचायत द्वारा चलाया गया युद्ध स्तर पर वृहद सफाई अभियान

## चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल और अधिशासी अधिकारी सना सगीर की लोगों ने किया प्रशंसा

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। केराकत रामलीला समिति द्वारा आयोजित प्रसिद्ध विजय दशमी मेले में बुधवार को आये मेलार्थियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत केराकत चेयरमैन ज्योति जायसवाल के पति यूवा नेता कृष्णा जायसवाल गोलू चेयरमैन प्रतिनिधि नगर पंचायत केराकत द्वारा युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर नगर की सफाई व्यवस्था करायी गयी। साथ ही लंका दहन स्थल केराकत के नार्मल मैदान जहाँ रावण का पुतला दहन के विजयदशमी मेंला सम्पन्न होगा। मैदान में जल जमाव को देखते हुऐ युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर ट्रैक्टर से मिट्टी गिरानें के



साथ चुस्त दुरुस्त सफाई व्यवस्था की गयी। जिसकी नगर क्षेत्र में और मेले में आये लोगों द्वारा नगर पंचायत केराकत की चेयरमैन ज्योति कृष्णा जायसवाल समेत अधिशासी अधिकारी सना सगीर और सफाई कर्मियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

# दो करोड़ पच्चीस लाख की लागत से बनने वाले शाहगंज रोडवेज डिपो का हाल-बेहाल, सुविधाओं का टोटा

## निर्धारित समय के बाद भी निर्माण नही हुआ पूरा ◆ कार्यदाई संस्था और उच्च अधिकारियो को रिपोर्ट की गई प्रेषित

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। अगर आप यात्रा करने की सोच रहे हैं और शाहगंज डिपो से यात्रा की प्लानिंग है पहले एक बार और सोचिए फिर यात्रा को तय करें।क्योंकि शाहगंज डिपो की हालत इस समय बद से बदतर है।पूरे रोडवेज परिसर में सिर्फ भारी कीचड़ ही कीचड़ नजर आएंगे।अगर साथ मे महिलाएं और बच्चे भी है तो समझिए परेशानी और बढ़ने वाली है।क्योंकि यहां पर न पीने का ढंग की व्यवस्था है और न ही शौचालय की सुविधा।

**चालक-परिचालक भी हैं परेशान:** शाहगंज डिपो में तैनात बस चालक और परिचालक यहां तक की अन्य डिपो से बस लेकर आने वाले चालकों को कीचड़ उक्त परिसर में बसों को मजबूरन खड़ा करके उसी कीचड़ से होकर निकलना पड़ता है जिससे उनके यूनिफार्म मिट्टी और कीचड़ से सन जाते हैं।

**2 करोड़ 25 लाख 55 हजार से बनना है सम्पूर्ण रोडवेज:** सरकार द्वारा इतना भारी भरकम बजट पास होने और लंबा



समय देने के बाद भी उक्त रोडवेज निर्धारित समय पर रोडवेज का पूर्ण रूप से निर्माण कार्यदाई संस्था नही कर पाई।ठेकेदार और टेंडर लेने फर्म के मालिक भी इस ओर उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं। बताया जाता है रोडवेज के निर्माण अंतिम समय जून 2025 था जो की बीत गया।और निर्माण के नाम पर सिर्फ पूछताछ केंद्र और कुछ छोटी मोटी निर्माण ही हो सकी।

**रोडवेज में कमियों का भंडार-संयुक्त कर्मचारी परिषद:** इस सम्बंध में संयुक्त कर्मचारी परिषद के कोषाध्यक्ष और परिचालक सूरज प्रकाश उपाध्याय ने बताया की यहां पर सुविधा के नाम पर कुछ नही है ठेकेदार और एआरएम से शिकायत करने पर सिर्फ कोरा आश्वासन ही मिलता है।उक्त परिचालक ने आगे कहा की इस कीचड़ उक्त परिसर में यात्री नही आते, गाड़ियों की धुलाई नही हो पा रही है।आने जाने में दिक्कतें हैं।शौचालय नही है,मिस्त्री गाड़ी नही बना पा रहा है, नौकरी करने में दिक्कत आरही है,विभाग के लोग कुछ बोलने को तैयार नही है।इतना कीचड़ है परिसर में इसमे धान की फसल उगाया जा सकता है।

**क्या बोले सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक-विनय श्रीवास्तव:** इस सम्बंध में शाहगंज डिपो के एआरएम विनय श्रीवास्तव से बात करने पर उन्होंने कहा की समस्या है। रोडवेज बिल्डिंग के निर्माण का समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है।जिसकी रिपोर्ट अपने उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। कार्यदाई संस्था को भी वार्निंग नोटिस जारी कर दी गयी है।

# 9 से 18 अक्टूबर के मध्य लगाया जाएगा स्वदेशी मेला

## बीआरपी इण्टर कालेज के मैदान में लगाये जायेंगे स्वदेशी उत्पादों के 50 स्टाल

### वोकल फॉर लोकल के तहत दिवाली पर आम जनमानस को स्वदेशी सामानों की खरीददारी का अवसर

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र जौनपुर संदीप कुमार ने अवगत कराया है कि आयुक्त एवं निदेशक महोदय उत्तर प्रदेश कानपुर के पत्र द्वारा इण्डिया एक्सपो सेन्टर एण्ड मार्क ग्रेटर नोएडा में आयोजित यू०पी०आइ०टी०एस० 2025 की भाँति दिनांक 09 से 18 अक्टूबर 2025 के मध्य प्रत्येक जनपद में यू०पी० इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अंतर्गत स्वदेशी मेला आयोजित कराने के निर्देश दिये गये है, जिससे हस्तशिल्पियों, कारीगरों, उद्यमियों द्वारा स्थानीय स्तर पर उत्पादित किये जा रहे उत्पादो का विपणन दिपावली महापर्व के अवसर पर आम जनमानस को स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी का अवसर प्राप्त हो सके।

उक्त मेले में उद्योग विभाग, खादी एवं ग्रामोद्योग/माटीकला बोर्ड, हथकरघा / रेशम विभाग, एवं ग्रामीण आजिविका मिशन, सी०एम० युवा, ओ०डी०ओ०पी०, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, पी०एम०ई०जी०पी०, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना आदि के लाभार्थियो, वित्त पोषित इकाईयों, स्वयं सहायता समूहों व अन्य उत्पादको को निःशुल्क स्टाल आवंटित कराये जायेंगे। कार्यक्रम को उल्लासपूर्ण एवं रोचक बनाये जाने हेतु स्थानीय स्तर पर विभिन्न विभागों से समन्वय करते हुए कार्यक्रम आयोजित कराये जायेंगे।

जिलाधिकारी के अनुमोदन उपरांत उक्त स्वदेशी मेले का आयोजन 09 से 18 अक्टूबर 2025 के मध्य कार्यक्रम का आयोजन बी०आर०पी० इण्टर कालेज के मैदान में आयोजित किया जायेगा, जिसमें लगभग 50 स्टाल लगाये जायेंगे।

उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि जनपद के विभिन्न विभागीय योजनाओं के लाभार्थियों / उद्यमियों को उक्त मेले में अपने उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु मेले में प्रतिभाग कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु जय प्रकाश एवं नन्दलाल (सहायक आयुक्त) मो० नं-7007637063/9452412841 पर सम्पर्क कर सकते है।

# मानीकलां से मानी खुर्द सड़क मार्ग का मरम्मत शुरू

## उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक खबरों का दिखा असर, डेढ़ माह बाद रिपेयरिंग का काम शुरू

**डॉ.इम्तियाज अहमद/आफताब आलम**

मानीकलां,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। विकास खण्ड सोंधी शाहगंज क्षेत्र के कस्बा मानीकलां से मानीखुर्द को



जोड़ने वाले सड़क मार्ग रिपेयरिंग का कार्य शुरू हो गया है। उत्तरशक्ति हिन्दी दैनिक के मानीकलां संवाददाता द्वारा सड़क की बदहाली पर खबर प्रकाशित किए जाने के लगभग डेढ़ माह बाद यह कार्य प्रारंभ हुआ है। यह मार्ग लंबे समय से जर्जर हालत में था, जिससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। विशेषकर बारिश के दिनों में सड़क पर पानी भर जाने से स्थिति और भी खराब हो जाती थी। सड़क का काम शुरू होने से स्थानीय ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। उन्होंने उत्तरशक्ति समाचार पत्र का धन्यवाद करते हुए उम्मीद जताई कि अब उन्हें आवागमन में किसी प्रकार की समस्या नहीं होगी और इस समस्या से निजात मिलेगी।

इसी कड़ी में वार्ड नम्बर 10 के जिला पंचायत सदस्य कमालुद्दीन ने विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रियांशु को भी अवगत कराया था खबर के प्रकाशन होने के बाद मंगलवार से युद्ध स्तर पर काम शुरू हो गया है।

# मकान मालिक ने किरायेदार पर मकान हडपने का लगाया आरोप

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। किराएदार और



मकान विवाद कभी कभी गम्भीर रूप धारण कर लेता है अगर समय रहते समस्या का समाधान नही होता है तो कभी कभी परिणाम भी आ प्रत्याशित होते है। कुछ ऐसा ही मामला नगर के जौनपुर रोड स्थित पश्चिमी कौड़ियां निवासी मीना देवी पत्नी जितेंद्र के साथ हो रहा है। मीना देवी के अनुसार 2017 में एक किरायेदार को चार दुकान और एक गोदाम किराये पर दिया था। दुकान का किराया 2022 तक तो मिला मगर उसके बाद किराया मांगने पर मनबढ़ किरायेदार द्वारा जान से मारने और मकान हड़पने का धमकी दिया जाता है। पीड़ित महिला ने कई अधिकारियों से मामले की शिकायत की मगर कोई हल नही निकल सका। बीते दिनों मीना देवी सीओ से मिलकर अपनी समस्या से अवगत कराया मगर वहां से कोर्ट में अपील करने की सलाह मिली। फिलहाल पीड़ित महिला अधिकारियों के दरवाजों के चक्कर लगाने को मजबूर है।

# अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के सारनाथ थाना क्षेत्र के आशापुर के पास रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार सुबह एक अज्ञात महिला की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।साथ ही,महिला की शिनाख्त के लिए तत्कालीन कार्रवाई शुरू कर दी गई है। यह घटना रेलवे क्रॉसिंग पर सुरक्षा के लापरवाह रवैये को एक बार फिर उजागर करती है। स्थानीय निवासियों ने मांग की है रेलिंग दुरुस्त किया जाए ताकि ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि उन्हें महिला के बारे में कोई जानकारी हो,तो थाने से संपर्क करें।

# परीक्षा देकर निकल रहे छात्र को दबंगो ने पीटा, मामला पहुंचा कोतवाली

शाहगंज,जौनपुर(उत्तरशक्ति)। पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने एक छात्र को पीट दिया। जानकारी के अनुसार आर्यन सोनी पुत्र दिलीप सोनी निवासी घास मंडी क्षेत्र के एक नामी और चर्चित विद्यालय में इंटर का छात्र है।बुधवार की दोपहर वह विद्यालय से परीक्षा देकर जैसे ही गेट पर पहुंचा। आरोप है तभी लगभग चार की संख्या में दबंग युवकों ने उसे घेर कर बुरी तरह मारा पीटा।किसी तरह वह अपनी जान बचाकर वहां से भागा और घर पहुंच कर आप बीती बताई।तो पीड़ित के परिजन कोतवाली पहुंच एक नामजद और अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर देकर कठोर कार्यवाई की मांग की। बताया जाता है आरोपी उक्त कालेज का पूर्व छात्र रह चुका है और किसी पुरानी स्कूली रंजिश को लेकर आर्यन सोनी पे हमला किया था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# एपीसीआर ने महिला बंदियों के साथ मनाया करवाचौथ

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। एपीसीआर (एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स) ने रायबरेली ज़िला कारागार में महिला बंदियों के साथ करवाचौथ का कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर जेल में बंद महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान करवाचौथ जैसे पारंपरिक त्योहार के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर संवाद हुआ। जैसे जातिवाद, स्त्रीझपुरुष भेदभाव, विधवा महिलाओं की स्थिति, और




महिलाओं की स्वयं की पहचान व समाज में सुधार की दिशा में उनकी भूमिका। जेल अधीक्षक हिमांशु जी ने एपीसीआर की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि संस्थाएँ इसी तरह महिलाओं के मनोबल और आत्मबल को बढ़ाने के लिए काम करती रहें, तो यह समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस प्रेरणादायक कार्यक्रम का संचालन एपीसीआर की जेल कॉर्डिनेटर मीना सोनी ने किया।

# समिति को मिला मानीकला ग्राम पंचायत के संचालन का अधिकार

खेतासराय, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। शाहगंज सोंधी विकास खंड के मानीकला ग्राम पंचायत में विकास कार्यों में रुकावट न आए, इसके लिए जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। समिति में अनवारुद्दीन को अध्यक्ष जबकि अजीत कुमार व चंचल देवी को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति ग्राम पंचायत के समस्त प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों का संचालन करेगी।

गांव निवासी फातेह आलम ने ग्राम प्रधान मोहम्मद अरशद पर शासनादेशों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई थी। मामले की जांच में आरोप सही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने अंतिम जांच पूरी होने तक प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों पर रोक लगा दी है।

डीएम ने बीडीओ सोंधी से ग्राम पंचायत के सदस्यों का विवरण मांगा था, जिसके आधार पर त्रिस्तरीय समिति गठित की गई। समिति का नेतृत्व अनवारुद्दीन करेंगे, जबकि अजीत कुमार और चंचल देवी इसमें सदस्य के रूप में रहेंगे।

एडीओ पंचायत संजय यादव ने बताया कि समिति के तीनों सदस्यों का सत्यापन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि अब ग्राम पंचायत का संचालन यही समिति करेगी और उन्हें वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार प्रदान कर दिए गए हैं। अधिकारों के निलंबन के बाद ग्राम पंचायत में चल रहे विकास कार्यों में गतिरोध की आशंका थी, लेकिन समिति गठित होने से अब कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। स्थानीय ग्रामीणों ने डीएम के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि इससे पंचायत के कार्य प्रभावित नहीं होंगे और योजनाएं समय पर पूरी होंगी।

# बेनिया बाग में साइबर जागरूकता और मिशन शक्ति अभियान का आयोजन

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। जनपद के थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा बेनिया बाग स्थित महिला स्वास्थ्य केंद्र में एक विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं,बुजुर्गों और बच्चों को साइबर ठगी से बचाव के उपायों के साथ-साथ महिलाओं और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।यह अभियान साइबर जागरूकता और मिशन शक्ति के तहत संयुक्त रूप से चलाया गया जिसका उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को डिजिटल सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के बारे में शिक्षित करना था।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, फिशिंग और डेटा चोरी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की जानकारी दी गई।साथ ही,मिशन शक्ति के तहत महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों,सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। थाना चौक कमिश्नरेट के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और लोग सुरक्षित रहें। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इस पहल की सराहना की।

## स्नेहा दुबे पंडित ने वसई में व्यापारी सम्मेलन को किया संबोधित



**वसई।** भारतीय जनता पार्टी वसई रोड मंडल द्वारा वसई पश्चिम स्थित सांगवी हॉल में आयोजित आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार पर आधारित व्यापारी सम्मेलन में बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग, भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की सह-संयोजक स्नेहा दुबे पंडित ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए 'हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी' के मंत्र को दोहराया और आत्मनिर्भरता के सिद्धांत को विस्तार से समझाया। सम्मेलन में वसई के वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट उमेश मिस्त्री ने व्यापारियों को जीएसटी के अगली पीढ़ी के सुधारों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने इन सुधारों को व्यापार की सुगमता और पारदर्शिता के लिए एक अहम कदम बताया। इस भव्य आयोजन में भाजपा वसई विरार शहर जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रज्ञा पाटिल, जिला महामंत्री जोगेंद्र प्रसाद चौबे, वसई रोड मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर, शेखर धुरी, किरण भोईर, मंडल महामंत्री दीपक शर्मा समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे। यह सम्मेलन व्यापारी समुदाय के लिए न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम भी साबित हुआ।

## अवनीश तीर्थराज सिंह को कांग्रेस ने दी एक और बड़ी जिम्मेदारी, मुंबई उपाध्यक्ष नियुक्त



**मुंबई।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की संस्तुति पर महासचिव सांसद केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी सूची में मुंबई कांग्रेस उत्तर भारतीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अवनीश तीर्थराज सिंह को एक और बड़ी जिम्मेदारी देते हुए मुंबई उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सिंह ने कहा कि पार्टी ने हमें जो एक और नई जिम्मेदारी दी है, उसके लिए मैं राहुल गांधी, मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष सांसद वर्षा गायकवाड़, प्रभारी रमेश चेन्नीथला, सह प्रभारी यू बी वेंकटेश और अन्य वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। मैं पूरे मनोयोग और समर्पित भावना के साथ दी गई जिम्मेदारियों का निर्वाह करूँगा। हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करने के साथ बीएमसी चुनाव में पार्टी को सत्ता में लाने का काम करेंगे।

## प्रहलाद मोदी का कार्यालय में भव्य स्वागत




**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छोटे भ्राता प्रहलाद भाई दामोदरदास मोदी हमारे बीच पधारे। उनके आगमन से पूरे वातावरण में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। हम सभी ने उनका हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर स्थानीय विधायक नरेंद्र महेता किसी आवश्यक बैठक में व्यस्त होने के कारण उपस्थित नहीं हो सके, किंतु उन्होंने दूरभाष के माध्यम से अपने शुभकामनाएं एवं अभिनंदन प्रेषित किए। इस विशेष कार्यक्रम में भाजपा के अनेक समर्पित कार्यकर्ता, महिला मोर्चा की अध्यक्षा, नगरसेवकगण, तथा अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रहलाद मोदी ने सभी कार्यकताओं से आत्मीय संवाद किया और सभी को समाजसेवा, राष्ट्रसेवा एवं संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इस गरिमामयी अवसर पर महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी आमंत्रित सदस्य एवं नरेंद्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महासचिव श्री चंद्रकांत बी. मोदी की भी विशेष उपस्थिति रही। समारोह का उद्देश्य संगठनात्मक एकता को बल देना और राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करना था। उक्त आशय की जानकारी चंद्रकांत बी. मोदी राष्ट्रीय महासचिव, नरेंद्र मोदी विचार मंच महाराष्ट्र प्रदेश कार्यकारिणी आमंत्रित सदस्य ने दी है।

## विधानसभा चुनाव को ले लगी नागरिक सुरक्षा की धारा 163, बिना अनुमति के नहीं करेंगे चुनावी सभा व प्रचार-प्रसार



**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज विधानसभा चुनाव को लेकर सीवान के डीएम के आदेश पर महाराजगंज की एसडीएम अनीता सिन्हा ने चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने तक क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए क्षेत्र में विभिन्न निर्देश जारी किया है। इसके तहत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध को करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्तियों किसी भी स्थान पर एकत्रित होने पर रोक लगाई गई है। कहा है कि यह आदेश पूर्व अनुमति प्राप्त सभा एवं जुलूस, शादी, बारात पार्टी, शव यात्रा, हाट बजार, अस्पताल में ले जा रहे मरीज के साथ जाने वाले व्यक्तियों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जाने वाले छात्र-छात्राओं एवं कर्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी एवं पुलिस बल पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति ऐसा कोई उत्तेजक नारा नहीं लगाएंगे तथा ऐसा कोई आपत्तिजनक आचरण नहीं करेंगे जो आदर्श चुनाव आचार संहिता के प्रतिकूल हो। किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि अथवा किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपमानजनक पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रकाशन नहीं करेंगे या नहीं चस्पाएंगे या नहीं लिखेंगे, जिससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न हो। कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी धार्मिक स्थल का उपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं धार्मिक आयोजन से सांप्रदायिक भावना को राजनीतिक हित के लिए नहीं उभारेंगे तथा न ही भड़काएंगे। कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को डराने, धमकाने एवं किसी भी प्रलोभन में लाने का कार्य नहीं करेंगे। किसी भी प्रकार के सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन का आयोजन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग बिना सक्षम पदाधिकारी के पूर्वानुमति के नहीं होगा।

## एमजंक्शन को टाटा समूह का इनोवेशन अवार्ड




**मुंबई।** एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड ने सोमवार को यहां आयोजित एएक भव्य समारोह में टाटा इनोविस्टा 2025 पुरस्कार जीता। टाटा इनोविस्टा टाटा समूह का प्रमुख मंच है जो समूह के भीतर नवाचार (इनोवेशन) को पहचानने और सम्मानित करने के लिए आयोजित किया जाता है। एमजंक्शन को अपने दुनिया के पहले ब्रोकर-रहित, एक्स-फैक्ट्री टी ई ऑक्शन प्लेटफॉर्म के लिए बिजनेस मॉडल इनोवेशन श्रेणी में विजेता घोषित किया गया। एमजंक्शन के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनया वर्मा ने यह पुरस्कार टाटा समूह के चेयरमैन श्री एन. चंद्रशेखरन के हाथों प्राप्त किया। इस वर्ष, टाटा समूह की 100 से अधिक कंपनियों से आए 17,000 से भी अधिक प्रविष्टियों में से एमजंक्शन ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

## चित्रांगदा सिंह ने फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई में किया 'दि चारियट्स ऑफ टाइम' दिवाली डेकोर का शुभारंभ



**मुंबई।** फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई, जो अपनी शानदार त्योहारी सजावट के लिए जानी जाती है, ने इस साल दिवाली को और खास बना दिया है। दि चारियट्स ऑफ टाइम नामक इस अद्भुत इंस्टॉलेशन के शुभारंभ के साथ, फीनिक्स मार्केटसिटी ने भारत की समृद्ध परंपरा को जीवंत कर दिया है। इन भव्य रथों की सजावट दर्शकों को समय और दैवीय कथाओं की अद्भुत दुनिया में ले जाती है। रंग, रोशनी से सजी यह सजावट सिर्फ एक दृश्य आनंद ही नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव भी प्रदान करती है। दि चारियट्स ऑफ टाइम फीनिक्स की प्रमुख पहल इंडिया सेलिब्रेट्स एट फीनिक्स का हिस्सा है, जो समुदायों, परिवारों और मित्रों को एक साथ लाकर परंपरा और खुशियों के इस पर्व का उत्सव मनाती है। 7 अक्टूबर को आयोजित इस भव्य लॉन्च इवेंट में अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह की उपस्थिति ने ग्लैमर और त्योहार की चमक को और बढ़ा दिया। इस मौके पर लाइव सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, आकर्षक दिवाली सजावट और मिलनसार माहौल ने दीवाली की सच्ची भावना खुशी, एकता और नवजीवन को बखूबी दर्शाया। चित्रांगदा सिंह ने कहा, दिवाली एक बहुत ही सुंदर त्योहार है यह परिवारों और समुदायों को प्रकाश, खुशी और परंपराओं की भावना में जोड़ता है।

फीनिक्स मार्केटसिटी, मुंबई में दि चारियट्स ऑफ टाइम डेकोर का अनावरण करना मेरे लिए एक बेहद आनंददायक अनुभव था। यह इंस्टॉलेशन वाकई शानदार है रंग, रोशनी और सृजनात्मकता का अद्भुत संगम।

यह एकता और उत्सव का प्रतीक है और हर किसी को इस त्योहार की खुशी में शामिल होने का निमंत्रण देता है। द फीनिक्स मिल्स लिमिटेड के डायरेक्टर ऑफ मार्केटिंग (नॉर्थ एंड वेस्ट) मयंक लालपुरिया ने कहा, फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई में दिवाली हमारे वार्षिक कैलेंडर का सबसे खास समय होता है। दि चारियट्स ऑफ टाइम हमारी सबसे महत्वाकांक्षी और प्रिय परियोजनाओं में से एक है। हमारा उद्देश्य फीनिक्स मार्केटसिटी मुंबई को जीवंत कैनवास में बदलना है आकर्षक सजावट, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, फेस्टिव मार्केट्स और सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से, ताकि हर आगंतुक के लिए यह अनुभव यादगार बने।

## रेस्टोरेंट के अंदर कर्मचारी ने फांसी लगाकर दी जान

**प्रयागराज (उत्तरशक्ति)।** कर्नलगंज थाना क्षेत्र के कटरा नेतराम चौराहा के पास स्थित एक रेस्टोरेंट के बेसमेंट में बुधवार सुबह कर्मचारी का फंदे से लटका हुआ शव मिलने से लोगों में हड़कंप मच गया। साथी कर्मचारियों ने तुरंत घटना की जानकारी मालिक को दी। इसके बाद पुलिस को घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस शव को फंदे से उतरवाकर पीएम हाउस भिजवा दिया।

वहीं पिता ने रेस्टोरेंट मालिक पर प्रताड़ना के आरोप में कर्नलगंज थाने में तहरीर दी है। धूमनगंज थाना क्षेत्र के नीवा निवासी राजा राम निषाद के दो बेटों में अमन निषाद (23) छोटा था। पिता भी मजदूरी का काम करते हैं। रेस्टोरेंट मालिक शुभम के अनुसार, करीब दो महीने पहले अमन उनके पास काम मांगने के लिए आया था। जिसके बाद उसे साफ-सफाई व बर्तन धुलने के लिए रखा गया था।

उसे खाने के साथ रहने के लिए रेस्टोरेंट में ही कमरा दिया गया था। उसके अलावा चार कर्मचारी और उसके साथ रहते थे। शुभम ने बताया कि रोज की तरह वह रात में मीरापुर स्थित अपने घर चला गया था। साथी कर्मचारियों का दावा है कि मंगलवार रात करीब 11:30 बजे अमन की उसके परिवार के लोगों से फोन पर काफी झगड़ा हुआ था और परिवार के लोग सुबह होने पर उसे देख लेने की बात भी कह रहे थे।

देर रात होने पर सभी लोग कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह उठे तो अमन कमरे में नहीं था। वहीं रेस्टोरेंट की साफ-सफाई के लिए बेसमेंट में गए तो अंदर का नजारा का नजारा देख साथी कर्मचारी के होश उड़ गए। अमन बेसमेंट के फंदे से लटका था।

## नालासोपारा-विरार के लिए बड़ा फैसला, विधायक राजन नाइक के प्रयास लाए रंग



**मुंबई।** वसई-विरार क्षेत्र के नागरिकों के लिए बड़ी राहत की खबर आई है। विधायक राजन नाइक के सतत प्रयासों और प्रभावी अनुवर्ती कार्रवाई के चलते, राज्य के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले की अध्यक्षता में सह्याद्रि अतिथि गृह, मुंबई में आयोजित कोंकण संभागीय समीक्षा बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए। विधायक नाइक ने बैठक में वसई-विरार के नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से उठाया, जिसके परिणामस्वरूप निम्नलिखित ठोस निर्णय लिए गए। अतिरिक्त तहसील कार्यालयः वर्ष के अंत तक नालासोपारा या विरार में एक नया तहसीलदार कार्यालय खोला जाएगा, जिससे नागरिकों को राजस्व संबंधी कार्यों में सुविधा मिलेगी। भवन वर्गीकरण में बदलावः बिना किसी सरकारी अनुदान के वर्ग 2 भवनों को वर्ग 1 में स्थानांतरित करने और 7/12 दस्तावेजों में सोसाइटी के नाम पर पंजीकरण की नीति में संशोधन किया जाएगा, जिससे पुनर्विकास प्रक्रिया को गति मिलेगी। बाढ़ नियंत्रण उपायः वसई खाड़ी से गाद हटाने के लिए ज़िला कलेक्टर और समुद्री बोर्ड को निर्देश दिए गए हैं। यह कार्य वसई-विरार क्षेत्र में बाढ़ की समस्या से राहत दिलाने की दिशा में एक अहम कदम होगा। शत्रु संपत्ति पर विशेष कार्रवाईः विरार के जीवदानी मंदिर के तलहटी में स्थित शत्रु भूमि पर बने आवासीय परिसरों को सोसायटीज के नाम पर पंजीकृत करने के लिए केंद्र सरकार से विशेष समन्वय किया जाएगा। अनधिकृत इमारतों के लिए नीतिः वसई-विरार क्षेत्र में रहने वाले अनधिकृत इमारतों के निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक नवीन नीति तैयार की जाएगी। विधायक राजन नाइक ने कहा, ख्वसई-विरार के विकास के लिए ये निर्णय ऐतिहासिक साबित होंगे। यह जनता की वर्षों पुरानी मांग थी और अब उसका समाधान सामने आ रहा है। यह पहल न केवल स्थानीय निवासियों को राहत देगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक मील का पत्थर मानी जा रही है।

## नाशिक भाजपा उत्तरभारतीय मोर्चा की बैठक सम्पन्न



-लाल शेखर सिंह

**नाशिक (उत्तरशक्ति)।** बुधवार को सुरेशप्लाज होटल तेजल हॉल त्रिमूर्ति चौक में भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा नाशिक की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर शिवेंद्र सिंह अध्यक्ष भाजपा उभामों नाशिक शहर ने आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया । इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । ठाकुर भुवाल सिंह उपाध्यक्ष भाजपा.उभामों. महाराष्ट्र प्रदेश, कृष्णा पांडे उपाध्यक्ष भाजपा. उभामों. महाराष्ट्र प्रदेश, सुभाष श्रीवास्तव, सचिव भाजपा. उभामों. महाराष्ट्र प्रदेश, उपाध्यक्ष कृपाशंकर सिंह भाजपा उभामों नाशिक साथ ही अन्य मान्यवरों एवं पदाधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति से बैठक को गरिमा प्रदान की। सभा का संचालन सुरेश सिंह विपिन द्वारा अत्यंत प्रभावशाली एवं संयमित रूप में किया गया, जिनके मार्गदर्शन में चर्चा का क्रम सुव्यवस्थित ढंग से चला। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने मूल्यवान सुझाव और रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने मूल्यवान सुझाव और रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी की प्रारूप तैयार किया गया गया, जिसका उद्देश्य संगठन को और अधिक सुदृढ़, सक्रिय तथा जनसंपर्क केंद्रित बनाना है। कार्यकारिणी के कुछ नामों पर अभी विचार-विमर्श जारी है। अंतिम सूची शीघ्र ही भारतीय जनता पार्टी महानगर अध्यक्ष सुनील केदार को प्रस्तुत की जाएगी। अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने कहा कि ह्नहमारा लक्ष्य उत्तर भारतीय समाज के विकास, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संगठित प्रयास करना है। संगठन तभी मजबूत होगा ,जब प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने दायित्व को निष्ठा से निर्वहन करेगा। बैठक में यह विश्वास व्यक्त किया गया कि नई कार्यकारिणी समाज के हितों की रक्षा और पार्टी के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाएगी। अपनी जनता को सरकारी सभी योजनाओं का लाभ दिलाएगी।

## भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट उत्सव दिवस मुलुंड में सोल्लास संपन्न




**मुंबई।** मुलुंड कॉलोनी में बहुजन विकास संघ द्वारा युवा नेता हिमेश विनोद कजानिया के नेतृत्व में भगवान महर्षि वाल्मीकि प्रकट दिवस उत्सव (जयंती) बड़े ही उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया।इस विशेष अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उपस्थित अतिथियों में मुंबई कांग्रेस सचिव किशोर मुंडेकल, डॉ. बाबूलाल सिंह (मा. उपाध्यक्ष), ब्लॉक अध्यक्ष विठ्ठल सातपुते (108), निर्मला सोनावने, एड. शरीफ खान, मैथ्यू चेरियन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी मुंबई प्रदेश सचिव जनक केसरिया, पत्रकार गजेंद्र पिपाडा, आर. पी. आई. (ए) मुलुंड अध्यक्ष सुनील इंगले, दया भाई दूशिग, वार्ड अध्यक्ष प्रभाकर कांबले, तथा बहुजन वंचित पार्टी के प्रदीप सिरसाट प्रमुख रूप से शामिल थे। कार्यक्रम की शुरूआत बहुजन विकास संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेश भगवाने और प्रधान महासचिव नरेश बोहित द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मंच संचालन की जिम्मेदारी विनोद कजानिया ने कुशलता से निभाई। इस आयोजन को सफल बनाने में भोला भदोरिया, रामलखन जैसवार एवं राजेश उदयबीर का विशेष सहयोग रहा। पूरे कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह आयोजन सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन गया।

## आदर्श आचार संहिता लागू होते ही विकास कार्यों पर ब्रेक

**सिवान (उत्तरशक्ति)।** बिहार सिवान जिला महाराजगंज बिहार विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में आदर्श आचार ांहिता लागू हो गई है। जिससे नई योजनाओं की स्वीकृति पर अब रोक लग गई है। जिससे दर्जनों प्रस्तावित परियोजनाएं अधर में लटक गईं हैं। हालांकि आदर्श आचार संहिता लागू होने से ठीक पहले के 3 महीनों में अनुमंडल क्षेत्र के अधिकांश विधायकों ने योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। कई इलाकों में पिछले तीन माह में यहां के वर्तमान विधायक सांसद ने दर्जनों योजनाओ का उद्घाटन, शिलान्यास और भूमिपूजन किया। हालांकि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथी अब पूरा निगरानी चुनाव आयोग के अंतर्गत आ गया है इसके साथ ही ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य पूरी तरह से अब तक हो गया है। प्रशासन ने इस स्थिति से निपटने के लिए तैयारी कर ली है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हमें आचार संहिता के दिशा निर्देश प्राप्त हो चुके हैं। पहले से चल रहे कार्यों को जारी रखा जाएगा, लेकिन कोई भी नई योजना शुरू नहीं की जाएगी। हम लोगों का फोकस अब मतदान की निष्पक्ष और शांतिपूर्ण प्रक्रिया सम्पन्न कराने पर है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही अब नई योजनाओं के लिए धन आवंटन और स्वीकृति प्रक्रिया स्थगित हो गई है। बरसात के बाद जर्जर हुई सैकड़ों ग्रामीण सड़कों के नवीनीकरण का काम अब चुनाव तक के लिए टल गया है। इसके अलावा शहरी क्षेत्रों में भी नई पेयजल योजनाएं, पार्कों का निर्माण और सामुदायिक भवनों का कार्य प्रभावित होंगे। जिले में पंचायत सरकार भवन का निर्माण, विवाह मंडप का निर्माण जैसे अधर में है। इसका सीधा असर बुनियादी ढांचे, विशेष रूप से सड़क निर्माण से जुड़ी नई परियोजनाओं पर पड़ेगा।

शहर समेत ग्रामीण इलाकों की दर्जनों प्रस्तावित परियोजनाएं अधर में लटक गई है। मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का असर सिर्फ बुनियादी ढांचे तक सीमित नहीं है। लाभकारी योजनाओं से जुड़े नए आवेदनों पर भी रोक लग गई है। आचार संहिता की अवधि में नए राशन कार्ड बनाने, आवास योजना की नई किस्तों के वितरण और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के नए लाभार्थियों के चयन पर रोक रहेगी। इससे उन गरीब और जरूरतमंद परिवारों को निराशा हाथ लग सकती है, जो इन योजनाओं का लाभ लेने की प्रतीक्षा में थे। वह अब मायूस हो जाएंगे। बता दें कि चुनाव का यह सिलसिला सिर्फ 40 दिन का है। उसके बाद आम आदमी की योजनाएं चालू हो जाएंगी।

## छात्रा का फंदे से लटकता मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

आजमगढ़। आजमगढ़ जिले के महाराजगंज थाना क्षेत्र के नौबरार देवारा जदीद किता प्रथम गांव में बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब एक छात्रा का शव कमरे में रस्सी के सहारे लटकता मिला। मृतका की पहचान पूजा चौहान (21) पुत्री तेजप्रताप चौहान के रूप में हुई है। पूजा स्नातक की छात्रा थी और साथ ही ब्यूटी पार्लर का प्रशिक्षण भी ले रही थी।

परिजनों के अनुसार, मंगलवार की रात पूजा खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चली गई थी। सुबह जब परिवार के लोग उसे जगाने गए तो देखा कि उसका शव फंदे से लटक रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर महाराजगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने घटनास्थल की बारीकी से जांच की।

जांच के बाद पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के परिवार में दो भाई और तीन बहनें हैं। परिजन इस घटना से पूरी तरह अनभिज्ञता जता रहे हैं। वहीं इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक महाराजगंज केदारनाथ मौर्य ने बताया कि घटना प्रथम दृष्टया आत्महत्या की प्रतीत हो रही है। फोरेंसिक टीम द्वारा जांच की जा चुकी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## आईआईटी से प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को सिखाएंगे ए आई और कोडिंग




**जौनपुर।** प्रदेश में चल रहे आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान की तर्ज पर एलिमेंट्री एजुकेशन में अब बच्चे डिजिटल लिटरेसी और कंप्यूटेशनल थिंकिंग में भी दक्ष होंगे। विकसित भारत को गति प्रदान करने के लिए एससीईआरटी लखनऊ, आईआईटी कानपुर द्वारा संचालित कंप्यूटर प्रशिक्षण में प्रत्येक जनपद के 5 पी एम श्री तथा 5 उच्च प्राथमिक /कंपोजिट विद्यालय के विज्ञान शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इसके द्वितीय चरण में आई आई टी कानपुर में 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक जनपद के पांच शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।इनमे मछ्ली शहर से डॉ संतोष तिवारी,सिकरारा से सुशील उपाध्याय, करंजाकला से सतीश मौर्य, जलालपुर से पूजा मालवीय, मनीषी श्रीवास्तव शामिल रही। पाँच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण में इन अध्यापको को ए आई, कोडिंग, चैट जीपीटी, जैमिनी ए आई एम एस आफिस, पाइथन, एम एस आफिस पर प्रशिक्षण दिया गया। कानपुर आई आई टी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन अनुसंधान व नवाचार के लिए प्रसिद्ध है। प्रशिक्षित अध्यापक अपने विद्यालय के बच्चों को कंप्यूटर कोडिंग व ए आई में निपुण बनायेंगे। ऑफ लाइन प्रशिक्षण के बाद सात सप्ताह का ऑन लाइन प्रशिक्षण दिया जाएगा।विद्यालय में डिजिटल लिटरेसी का शुभारंभ किया जाएगा। यह प्रशिक्षण मुख्यमंत्री जी की ग्रामीण परिवेश से आने वाले बच्चों में डिजिटल लिटरेसी बढ़ाने संबंधी महत्वपूर्ण योजना का हिस्सा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस ( ऐ आई) तकनीक व गूगल जैमिनी ऐ आई, चैट जी पीटी को कक्षा 1 से 8 तक के शिक्षण प्रशिक्षण में जोड़ा जाएगा। इसका उद्देश्य शिक्षण को अधिक रोचक, संवादात्मक और व्यक्तिगत बनाना है। आई आई टी कानपुर के विशेषज्ञों ने बताया कि अब शिक्षक और विद्यार्थी दोनों को ऐ आई आधारित डिजिटल सहायक की सुविधा मिलेगी। यह उपकरण विद्यार्थियों के सवालों का तुरंत उत्तर देंगे कठिन विषयों को सरल भाषा मे सीखायेंगे। सीखने के गति के अनुसार सामग्री प्रस्तुत करेंगे। एस सी ई आर टी के निदेशक ने कहा कि एआई अब शिक्षा का साथी बनने जा रहा है। शिक्षा का विकल्प नही बल्कि सहयोगी के रूप में कार्य करेगा। जेमिनी ए आई जटिल गणितीय या वैज्ञानिक सिद्धान्तों को चित्रों, एनीमेशन और उदाहरणों के माध्यम से समझायेगा। छात्र सवाल पूछ सकेंगे और ए आई उनके स्तर के अनुरूप उत्तर देगा। इस प्रकार गणित और विज्ञान में उदाहरण आधारित अध्ययन में सहायता मिलेगी। यह पहल उत्तर प्रदेश को ए आई आधारित शिक्षाऱ्की दिशा में अग्रणी राज्य बना सकती है। आई आई टी कानपुर और एस सी ई आर टी का यह संयुक्त प्रयास शिक्षा प्रणाली में एक क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाला कदम है।




